संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 97 शुक्रवार 07 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# आरएसएस की चाहत देश की मिटा दी जाए इतिहास,संस्कृति-परंपरा

### » राहुल गांधी ने लगाया गंभीर आरोप...



**नई दिल्ली, 06 फरवरी 2025(ए)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियमों का हवाला देते हुए गुरवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का इरादा देश पर एक विचार, एक इतिहास और एक भाषा थोपने का है, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा. वह यूजसी के मसैदा नियमों के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर डीएमके की छात्र इकाई की तरफ से आयोजित प्रदर्शन में शामिल हुए। राहुल गांधी ने दावा किया, ''आरएसएस का उद्देश्य अन्य सभी इतिहास, संस्कृतियों और परंपराओं को मिटाना है. यही तो वे हासिल करना चाहते हैं. उनका इरादा देश पर एक ही विचार, इतिहास और भाषा थोपने का है।''

### हमे मतभेदों का सम्मान करना चाहिए

उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस विभिन्न राज्यों की शिक्षा प्रणालियों के साथ भी ऐसा ही करने का प्रयास कर रहा है तथा यह उनके एजेंडे को आगे बढ़ाने का एक और कदम है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''प्रत्येक राज्य की अपनी अनूठी परंपरा, इतिहास और भाषा होती है, यही कारण है कि संविधान में भारत को राज्यों का संघ कहा जाता है। हमें इन मतभेदों का सम्मान करना चाहिए और समझना चाहिए।'' उनके मुताबिक, तमिल लोगों का हजारों वर्षों से चला आ रहा समृद्ध इतिहास,संस्कृति और परंपरा है।

### कल्पना कर लें, हकीकत स्वीकार नहीं होगा

राहुल गांधी ने कहा, ''हमने अपने घोषणापत्र में पहले ही कहा था कि शिक्षा को राज्य सूची में वापस लाया जाएगा। मैं मंच पर मौजूद अपने सभी दोस्तों से कहना चाहता हूं कि आप जो कह रहे हैं हम उसका पूरा समर्थन करते हैं। हम इस देश के प्रति आरएसएस के दृष्टिकोण को स्वीकार नहीं करते हैं, न ही उनके इस विचार को स्वीकार करते हैं कि इस देश पर एक दिवालिया विचारधारा थोपी जानी चाहिए.'' उन्होंने कहा कि चाहे वे अपनी कल्पनाओं को साकार करने की कितनी भी कोशिश कर लें, यह देश उनकी विचारधारा को कभी स्वीकार नहीं करेगा।.

### किस मौके पर राहुल गांधी ने कही ये बात

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा, ''आरएसएस को यह समझने की जरूरत है कि वे संविधान, हमारे राज्यों, हमारी संस्कृतियों, परंपराओं और हमारे इतिहास पर हमला नहीं कर सकते।'' कर्नाटक के उच्च शिक्षामंत्री एम सी सुधाकर द्वारा बुधवार को इसी विषय को लेकर विपक्ष शासित राज्यों के उच्च शिक्षा मंत्रियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। उसमें कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश, और झारखंड के छह मंत्रियों ने यूजीसी की ''दमनकारी'' मसौदा नियमावली, 2025 के खिलाफ 15 सूत्रीय प्रस्ताव अपनाया है।

### आरएसएस अपनी विचारधारा थोपने की कोशिश कर रही

राहुल गांधी ने कहा, ''यह तमिल लोगों और अन्य राज्यों का अपमान है जहां आरएसएस अपनी विचारधारा थोपने की कोशिश कर रही है। यह आरएसएस द्वारा उन सभी चीजों को कमजोर करने का एक प्रयास है।'' कांग्रेस पार्टी और 'इंडिया' गठबंधन में बहुत स्पष्ट है कि हर एक राज्य, हर इतिहास, हर भाषा और हर परंपरा का सम्मान किया जाना चाहिए।

### यूजीसी मसौदा नियमों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

#### डीएमके छात्र विंग के यूजीसी मसौदा नियमों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में बोले राहुल गांधी

डीएमके छात्र विंग द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मसौदा नियमों के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, मैं लंबे समय से कह रहा हूं कि आरएसएस का उद्देश्य देश की सभी अन्य संस्कृतियों, परंपराओं और इतिहासों को मिटाना है। यह उनका शुरुआती लक्ष्य है और यही वे हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, संविधान पर उनका हमला सिर्फ इसलिए था क्योंकि वे एक ही विचार, एक ही इतिहास, एक ही परंपरा और एक ही भाषा इस देश पर थोपना चाहते थे। वे अलग-अलग राज्यों की शिक्षा प्रणाली के साथ जो कर रहे हैं, वह भी उनके एजेंडे को आगे बढ़ाने की एक और कोशिश है। राहुल गांधी ने इस तरह के और विरोध प्रदर्शनों की आवश्यकता जताते हुए कहा, मैं चाहता हूं कि ऐसे कई विरोध प्रदर्शन हों ।

## महत्वपूर्ण खबर

### डबल मर्डर के आरोप में सेना के जवान सहित चार गिरफ्तार



**रांची,06 फरवरी 2025(ए)।** झारखंड की राजधानी रांची में मंगलवार रात दो युवकों की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने सेना के एक जवान सहित कम से कम चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में अपराध स्वीकार कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि दोनों युवकों की हत्या जमीन विवाद में हुई थी। इस मामले में कुछ अन्य अपराधियों की संलिप्तता की बात सामने आ रही है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### सेना का प्लेन हुआ क्रैश



**शिवपुरी,06 फरवरी 2025(ए)।** शिवपुरी जिले के बहरेटा सानी गांव के पास एक एयरफोर्स का फाइटर प्लेन क्रैश हो गया। पायलट सुरक्षित है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन ने तुरंत एक टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया है। वहीं, पुलिस मौके पर पहुंच गई है। हालांकि अब तक इस हादसे की वजह पता नहीं चल पाई है।

### घाव पर टांके लगाने के बजाय 'फेवीक्विक का इस्तेमाल करने पर नर्स सस्पेंड

**बेंगलुरु,06 फरवरी 2025(ए)।** कर्नाटक के एक सरकारी अस्पताल में घाव पर टांके लगाने के बजाय



'फेवीक्विक' का इस्तेमाल करने वाली नर्स को निलंबित कर दिया गया। राज्य सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में नर्स को निलंबित करने का फैसला लिया गया।

### राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बना चाइनीज ए आई मॉडल




#### इन देशों ने लगाया बैन

**नई दिल्ली,06 फरवरी 2025(ए)।**चाइनीज एआई चैटबॉट दीपसीक अपने लॉन्च के बाद से ही चर्चा में बना हुआ है। इसके उपयोग को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा और डेटा प्राइवेसी की चिंताओं के चलते अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, भारत समेत कई देशों ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## चुनाव आयोग को मरा हुआ बताया

### सपा और भाजपा में चलने लगे शब्दबाण



**मिल्कीपुर,06 फरवरी 2025 (ए)।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर उपचुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग को 'मरा हुआ' करार दिया और कहा कि अब चुनाव आयोग को सफेद कपड़े भेजने होंगे।उन्होंने चुनाव आयोग पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर कई पोस्ट किए और आयोग से तुरंत कदम उठाने की अपील की। अखिलेश यादव ने कहा कि यह बीजेपी का चुनाव लड़ने का तरीका है, और चुनाव आयोग ने अपनी भूमिका निभानी बंद कर दी है। इस बीच, समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने भी अखिलेश यादव के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि चुनावों में गड़बड़ी हो रही है और पार्टी इस बारे में शिकायत कर रही है।उन्होंने कहा कि पुलिस की मदद से चुनावों में धांधली हो रही है, लेकिन उन्हें विश्वास है कि सपा इस स्थिति से उबरकर जीत हासिल करेगी। वहीं, दिल्ली में बीजेपी के सांसद संबित पात्रा ने अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने संसद में चुनाव आयोग का अपमान किया और इसे मरा हुआ घोषित किया। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर हमला बताया और सपा से माफी की मांग की।

## जनगणना न कराने पर कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला



### बताया सामाजिक नीतियों के लिए नुकसानदायक

**नई दिल्ली, 06 फरवरी 2025(ए)।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर दशकीय जनगणना न कराने को लेकर तीखा हमला बोला। पार्टी ने कहा कि इस अनावश्यक विलंब से कई सामाजिक नीतियों और कार्यक्रमों को नुकसान पहुंच रहा है। दशकीय जनगणना 2021 से लंबित कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक खबर साझा करते हुए कहा कि 2021 में होने वाली दशकीय जनगणना अभी तक शुरू नहीं हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि इस साल भी जनगणना की संभावना नहीं दिख रही है ।

## अनंत सिंह को बड़ा झटका



### कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका, अब उपरी अदालत में अपील की तैयारी

**पटना,06 फ रवरी 2025(ए)।** मोकामा फायरिंग मामले में नामजद छोटे सरकार के नाम से चर्चित बाहुबली और पूर्व विधायक अनंत सिंह को एक बार फिर से कोर्ट से झटका मिला है। पटना सिविल कोर्ट के एसीजेएम-1 ने उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। इस मामले में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रख लिया था और आज गुरुवार को न्यायाधीश ने अनंत सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी। वकील नवीन कुमार ने बताया कि सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों से लंबी बहस हुई। अनंत सिंह के वकील ने तर्क दिया कि जब किसी ने उन्हें गोली चलाते हुए नहीं देखा है, तो जमानत देने में क्या परेशानी हो सकती है। वहीं, दूसरे पक्ष ने कहा कि मामले की जांच अभी जारी है और अनंत सिंह का जेल से बाहर आना जांच पर असर डाल सकता है। इस कारण कोर्ट ने जमानत देने से इनकार किया। अब अनंत सिंह के वकील ने बताया कि वे इस आदेश के खिलाफ उपरी अदालत में अपील करेंगे। सेशन कोर्ट में जमानत याचिका दायर की जाएगी, जिसके लिए कम से कम एक सप्ताह का समय लग सकता है। इसके चलते अनंत सिंह को फिलहाल जेल में रहना पड़ेगा।



### प्रेमानंद महाराज का रात्रि दर्शन अनिश्चितकाल के लिए बंद

**वृंदावन,06 फरवरी 2025(ए)।** वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज के तड़के होने वाले रात्रि दर्शन अब अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। यह निर्णय महाराज के स्वास्थ्य और बढ़ती हुई भक्तों की भीड़ के कारण लिया गया है। अब से, प्रेमानंद महाराज की पद यात्रा और रात्रि दर्शन नहीं होंगे, जो पहले सुबह 2 बजे राधा केलि कुंज आश्रम तक होते थे।

## सांडों की लड़ाई में मृत व्यक्ति के परिवार को 33.22 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश



**बीकानेर,06 फ रवरी 2025(ए)।** बीकानेर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने एक अहम फैसले में राज्य सरकार और पंचायत समिति को आवारा पशुओं की समस्या पर लापरवाही के लिए दोषी ठहराया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आवारा पशुओं को नियंत्रित करना प्रशासन की जिम्मेदारी थी, जिसमें विफलता के कारण एक निर्दोष व्यक्ति की जान गई। इस आधार पर, मृतक आसाराम सुथार के परिजनों को 33.22 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया गया है।

## पहले पति से कानूनी रूप से तलाक न होने पर भी दूसरी शादी से गुजारा भत्ता पा सकती है महिला: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, 06 फरवरी 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी महिला को आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत अपने दूसरे पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है, भले ही उसकी पहली शादी कानूनी रूप से समाप्त न हुई हो।अदालत ने स्पष्ट किया कि कानूनी रूप से तलाक का औपचारिक डिक्री आवश्यक नहीं है। यदि महिला और उसका पहला पति आपसी सहमति से अलग हो गए हैं, तो कानूनी तलाक की अनुपस्थिति उसके दूसरे पति से गुजारा भत्ता पाने के अधिकार को प्रभावित नहीं करती। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि महिला को राहत मिलनी चाहिए और तेलंगाना हाईकोर्ट द्वारा उसे गुजारा भत्ता देने से इनकार करने का आदेश रद्द कर दिया।

## किन्नर कैटरीना ने 18 साल के लड़के को लगाया ऐसा इंजेक्शन कि बन गया लड़की



**बांदा,06 फरवरी 2025(ए)।** उत्तर प्रदेश के बांदा से ऐसा मामला सामने आया है जिसे सुनकर आपकी भी रूह कांप जाएगी। यहां एक किन्नर ने 18 साल के लड़के को चार दिन तक टॉर्चर दिया. लड़के को फीमेल हार्मोन्स विकसित करने के इंजेक्शन दिए। उससे लगातार मारपीट की। फिर सर्जरी करवाकर उसका लिंग परिवर्तन करवा दिया। लड़के परिजनों ने किन्नर के खिलाफ तहरीर देकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने अब आरोपी किन्नर को अरेस्ट कर जेल भेज दिया है। मामला अतर्रा थानाक्षेत्र का है। यहां रहने वाले किन्नर कैटरीना उर्फ धीरू प्रजापति पर 18 साल के लड़के का जबरन लिंग परिवर्तन करवाने का आरोप लगा है। पीड़ित लड़का ओरन रोड का रहने वाला है। उसकी मां ने अतर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 वर्षीय बेटे को किन्नर बनाए जाने के लिए धीरू उर्फ कैटरीना किन्नर जबरन ले गई थी। चार दिन कमरे में बंद रखा। मारपीट कर यातनाएं दी। धमकी दी और उसका लिंग परिवर्तन कराया।

### एक और युवक को भी बनाया किन्नर

यही नहीं, एक दूसरे मामले में भी गहबर थोक बिसंडा के रहने वाले एक शख्स ने आरोप लगाया था कि छोटे भाई को धीरु उर्फ कैटरीना व कुछ अन्य किन्नर अगवा करके अज्ञात जगह ले गए थे। कमरे में बंद कर मारपीट करते रहे। हार्मोस चेंज करने वाली दवाएं व नशीले इंजेक्शन देकर ऑपरेशन करा कर लिंग परिवर्तन करा दिया।

### पुलिस को अन्य आरोपियों की तलाश

तीसरे मामले में एक अन्य महिला ने निवासी परसौंजा थाना पहाड़ी चित्रकूट ने शिकायत दर्ज कराई थी। कैटरीना के खिलाफ थाने में तीन एफआईआर दर्ज होने के बाद से पुलिस उसकी धरपकड़ में लगी थी। थानाध्यक्ष कुलदीप तिवारी ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई। युवकों को जबरन किन्नर बनाने वाली आरोपित कैटरीना को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं. इन पर आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मंत्रियों के खिलाफ बीजेपी नेता का फूटा गुस्सा

### कहा...किसी भी कार्यक्रम में नहीं दूंगा आमंत्रण



**हटा,06 फरवरी 2025(ए)।** मध्यप्रदेश के जिला दमोह के हटा में भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष गोपाल पटेल का मंत्रियों के खिलाफ नाराजगी भरा वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। गोपाल पटेल ने कहा कि आज के बाद किसी भी मंत्री को कार्यक्रम में नही बुलाया जायेगा। चाहे कोई मुख्यमंत्री ही क्यों न बन जाए। जो मंत्री आज अतिथि थे वे अब कभी नही बुलाए जाएंगे। यह मैं घोषणा करता हूं। दर्शक,सदस्य और मेरे सहयोगी कार्यकर्ता ही यहां आएंगे। गोपाल पटेल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हम लोग बनाते हैं, तुम (मंत्री)बनते हो, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि तीन तीन चार-चार मंत्रियो को आमंत्रण दिया लेकिन कोई नही आया। आने वाले समय मे किसी मंत्री को नही बुलाया जाएगा। गोपाल पटेल आयोजक के रूप में लोगो से सावधानी की अपील भी करते नजर आए।

# संपादकीय

## एक तीर से दो निशाने

मतभेदों का सम्मान किया जाना चाहिए और सद्भाव से रहने की कुंजी एकजुटता है। यह कहना है राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत ने महाराष्ट्र के भिवंडी में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान ध्वाजारोहण के बाद कही।भागवत ने विविधा के संदर्भ में कहा कि गणतंत्र दिवस उत्सव के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों को याद करने का अवसर भी है। किसी को दबाया नहीं जाना चाहिए,आपकी अपनी विशेषताएं हो सकती हैं मगर आपको दूसरों के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। यदि आपका परिवार दुखी है तो आप खुश नहीं रह सकते।अगर आप जीना चाहते हैं तो सामंजस्यपूर्ण जीवन जीना चाहिए। कुछ ही समय पहले भागवत द्वारा हर धर्म के देवी-देवताओं के सम्मान की भी बात की गई थी, जिस पर विवाद छिड़ गया था। सौहार्द और जिम्मेदारियों को लेकर की गई उनकी बात को लेकर एक बार फिर संदेह किया जा सकता है। संघ के तौर-तरीकों व विवादास्पद विचारों की बजाए भागवत का एकजुटता को लेकर दिया गया भाषण रणनीति भरा व दूरदर्शितापूर्ण कहा जा सकता है। मगर उनके विरोधियों को यह रास नहीं आ सकता।बहुसंख्यकों के हितों पर मुखर रूप से बोलने वाले भागवत अब देश में सभी को साथ रहने और इसे भारत की संस्कृति बताते हैं। हालांकि पिछले दिनों राम मंदिर निर्माण को देश की दूसरी आजादी से जोडने़ वाले उनके बयान पर कांग्रेस ने तल्ख टिप्पणी की थी। आरोप लगाया था कि वे संविधान को आजादी का प्रतीक नहीं मानते। यह कहना गलत नहीं है कि भागवत हिन्दुओं के नेता बनने की ललक के चलते विरोधाभाषी या विवादास्पद बयानबाजी करने से चूकना नहीं चाहते।भाजपा के संघ को दरकिनार करने के संकेतों से निपटने के लिहाज से भी वह पलटवार करते नजर आते हैं। कभी एक-दसरे के पूरक रहे भाजपा व संघ के मतभेदों को पाटने के उनके ये प्रयास भी हो सकते हैं। कड़वी गोलियों के दरम्यान कुछ मीठी चीजों को पल्रोभन के लिहाज से देते रहना भागवत की रणनीति का हिस्सा भी हो सकता है। विपटल पर अपनी छवि सुधारने और जनता के समक्ष अपना महत्त्व बनाये रखने के हथकंडों की उन्हें जरूरत है।जिस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बीज के दम पर भाजपा की फसल लहलहा रही है। उन बीज को संघ प्रमुख बेकार नहीं होने देना चाहेंगे, न ही उनके उन्नत संस्करणों पर पूरी तरह सत्ताधारी दल को काबिज ही होने देना चाहेंगे। विविधता व सामंजस्य की बात कर वह एक तीर से दो निशाने साधते नजर आ रहे हैं।

## नशा-विरोधी जन-अभियान की जरूरत


विश्व में प्रति वर्ष विभिन्न तरह के नशे (शराब, तंबाकू, ड्रग्स आदि) से 110 लाख से अधिक मौतें प्रत्यक्ष तौर पर होती हैं, पर यदि अप्रत्यक्ष तौर होने वाली मौतों को भी देखें तो यह क्षति और भी अधिक है।मौतों के आंकड़ों के अतिरिक्त हमें यह भी देखना है कि नशे से कितने परिवार तबाह होते हैं और इस संदर्भ में सबसे अधिक नुकसान शराब से होता है। जितने लोग एक वर्ष में शराब से मरते हैं, उससे 150 गुणा अधिक वे लोग हैं कि जिनका जीवन शराब के कारण बुरी तरह गड़बड़ा गया है, और उनकी इस हालत की कीमत उनके परिवार को, पत्नी और बच्चों को, बुजुर्ग माता-पिता को भी सहनी पड़ती है। भारत जैसे देशों में जहां शराब और अन्य नशों की समस्या बढ़ रही है, वहां एक अन्य मुद्दा यह भी है कि बहुत से गरीब परिवारों के बजट शराब और अन्य नशों (जैसे गुटखा) के कारण बुरी तरह बिगड़ जाते हैं। यदि किसी परिवार की औसत एक दिन की आय 500 रुपये है और उसका लगभग आधा हिस्सा शराब और




गुटखे में चला जाए तो कैसे निर्वाह होगा। इसी कारण घर में झगड़े होते हैं, मारपीट होती है, और परिवार तबाह होते हैं।शराब, सिगरेट, बीड़ी, गुटखा सभी तरह-तरह के कैंसर और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं हृदय रोग, स्ट्रोक आदि के कारण बनते हैं। हाल में अमेरिकी सरकार की चेतावनी में बताया गया कि शराब के कारण 7 से 10 तरह के कैंसर होते हैं। गुटखे से मुंह के विभिन्न तरह के बहुत दर्दनाक कैंसर होते हैं। युनिवर्सिटी कॉलेज (ब्रिटेन) के एक अध्ययन ने हाल में बताया कि केवल एक सिगरेट पीने से जीवन के 20 मिनट कम हो जाते हैं, या 20 सिगरेट का पैकेट पीने से 400 मिनट या 7 घंटे किसी व्यक्ति के जीवन से निकल जाते हैं।शराब के नशे में बहुत सी दुर्घटनाएं होती हैं जिनसे किसी एक वर्ष में लाखों लोग मारे जाते हैं। शराब के नशे में तरह-तरह के हिंसक अपराध और यौन अपराध होते हैं क्योंकि नशे में भले-बुरे का फर्क समझ नहीं आता है।

-भारत डोगरा-

# परीक्षा फोबिया-कारण और उपचार



विजय गर्ग
चांद मलोट
पंजाब



हम में से हर एक समय-समय पर किसी तरह की चिंता का अनुभव करता है, जिसके परिणामस्वरूप ऐसी स्थिति होती है जिसे हम धमकी के रूप में देखते हैं, जैसे कि एक मौखिक प्रस्तुति करना, कार के साथ निकट-मिस करना,या ए के परिणामों की प्रतीक्षा करना लैब टेस्ट। एक स्थिति के दौरान मनुष्यों के बीच चिंता वास्तव में आम है जो एक तनावपूर्ण वातावरण पैदा करती है। परीक्षा एक ऐसी घटना हो सकती है जो आमतौर पर परीक्षा भय के रूप में जाना जाता है, बहुत अधिक तनाव और चिंता की ओर जाता है। यह अक्सर छात्रों के बीच देखा गया है कि अचानक कुछ बहुत गलत लगता है; उन्हें लगता है कि वे नियंत्रण खो सकते हैं। आप शारीरिक लक्षणों को महसूस करते हैं जो गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की नकल करते हैं और कुछ मामलों में, आपको लगता है कि मृत्यु या कयामत आसन्न है। चिंता एक सामान्य मानवीय भावना है जो जीवन का हिस्सा है और अक्सर एड्रेनालाईन के एक अच्छे रूप के रूप में काम कर सकती है। हालांकि, कुछ लोगों में यह एड्रेनालाईन की भीड़ सामान्य सीमा से अधिक हो जाती है और कई बार कुछ नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं। हम अक्सर शर्तों की परीक्षा बुखार या परीक्षा फोबिया में आते हैं। वैज्ञानिक रूप से यह चिंता का परिणाम है और इसे अक्सर परीक्षण चिंता के रूप में कहा जाता है। परीक्षण चिंता एक प्रकार की चिंता है जो परीक्षण से पहले, दौरान या बाद में एक परीक्षार्थी को प्रभावित कर सकती है। यह एक मुद्दा है कि कई छात्र एक समय या किसी अन्य के साथ व्यवहार करते हैं और कई बार अपने प्रदर्शन में बुरी तरह से बाधा डाल सकते हैं। बहुत सारे लोग सोचते हैं कि परीक्षा बुखार का कारण परीक्षण के लिए एक अपर्याप्त तैयारी है जो छात्रों को बुरे परिणामों से डरने के लिए बीमार बनाता है, जो सच नहीं है। परीक्षा की चिंता कम-भुजाकार होने के साथ-साथ अति-तैयार होने के कारण भी हो सकती है। परीक्षण की चिंता को अलग -अलग स्तरों पर भी अनुभव किया जा सकता है और मामूली परीक्षा तनाव से हो सकता है जो सतर्कता, तत्परता प्रदान करके आपकी मदद कर सकता है, और आपको ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकता है। हालांकि, अत्यधिक परीक्षा चिंता के परिणामस्वरूप तनाव हो सकता है और प्रदर्शन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है और यह भूलने या चक्कर आना भी हो सकता है। यह देखा गया है कि बच्चे नियमित रूप से कक्षाओं में भाग लेते हैं, होमवर्क पूरा करते हैं, और नियमित रूप से अध्ययन करते हैं। वह सामग्री के बारे में आश्वस्त परीक्षा में पहुंचे, लेकिन चिंता का परीक्षण करने के लिए अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम नहीं हैं। यदि छात्र परीक्षण चिंता विकसित करते हैं, तो एक प्रकार की प्रदर्शन चिंता, परीक्षण लेना उनके लिए वास्तव में मुश्किल हो जाता है। विफलता का डर, तैयारी की कमी या उच्च दबाव वाली स्थितियों को संभालने में तैयारी और अनुभव की कमी। हर किसी को एक परीक्षण शुरू करने से पहले कुछ चिंतित महसूस करना चाहिए जो जीवन का एक सामान्य हिस्सा है। हालांकि, चिंता एक समस्या बन जाती है जब यह एक छात्र की तार्किक रूप से सोचने या तथ्यों को याद रखने की क्षमता में हस्तक्षेप करना शुरू कर देता है। वास्तविक परीक्षण चिंता के शारीरिक लक्षणों में तनावपूर्ण मांसपेशियां, पसीने से तर हथेलियाँ, एक तेज़ दिल, और बेहोश या मिचली महसूस होती है। संज्ञानात्मक लक्षणों में सरल चीजें, अतार्किक सोच और मानसिक ब्लॉकों को याद करने में असमर्थता शामिल है। हालांकि, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि यदि कोई छात्र चिंता का सामना करता है जो कुछ शारीरिक असंतुलन का कारण बनता है या उसके प्रदर्शन को बाधित करता है तो किसी को डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। भय एक फोबिया किसी ऐसी चीज का गहन डर है, जो वास्तव में, बहुत कम या कोई वास्तविक खतरा नहीं है। यदि आप किसी भी तरह के फोबिया से पीड़ित हैं, तो आप अक्सर शारीरिक और मानसिक लक्षणों की मेजबानी का अनुभव करेंगे जो आपको पास होने के बाद गंभीर रूप से भयभीत और अविश्वसनीय रूप से सूखा छोड़ सकते हैं। आम फोबिया और भय में बंद स्थान, ऊंचाइयां, राजमार्ग ड्राइविंग, फ्लाइंग कीड़े, सांप और सुइयों में शामिल हैं। हालांकि, हम वस्तुतः कुछ भी के फोबिया विकसित कर सकते हैं। एसिरदर्द, मतली, दस्त, अत्यधिक पसीना, सांस की तकलीफ, तेजी से दिल की धड़कन, प्रकाश-प्रधानता और बेहोश महसूस करना सभी हो सकते हैं। फेविबयास एक आतंक हमले का कारण बन सकता है, जो तीव्र भय या असुविधा की अचानक शुरुआत है जिसमें व्यक्तियों को ऐसा लग सकता है कि वे सांस लेने में असमर्थ हैं या दिल का दौरा पड़ने में असमर्थ हैं। अधिकांश फोबिया बचपन में विकसित होते हैं, लेकिन यह भी संभव है कि ये वयस्कों में भी विकसित हो सकते हैं। फोबिया में भी अगर आपको पता चलता है कि आपका डर अनुचित है, तो आप इसके बारे में कुछ भी नहीं कर सकते हैं और अपनी भावनाओं को नियंत्रित नहीं कर सकते हैं, जब भी आप वास्तव में उस चीज़ से अवगत कराते हैं जिसे आप डरते हैं, तो आतंक स्वचालित और भारी होता है। चिंता के कारण बहुत पहले से चिंता और इसके प्रभाव के बारे में शोध किया गया है, लेकिन फिर भी, शोधकर्ताओं को यह नहीं पता है कि कुछ लोग चिंता विकारों का अनुभव क्यों करते हैं, वे जानते हैं कि विभिन्न कारक शामिल हैं। कई अन्य मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों की तरह, चिंता विकार जैविक, मनोवैज्ञानिक और अन्य व्यक्तिगत कारकों के संयोजन का परिणाम है। चिंता को अक्सर एक एड्रेनालिन रश के लिए अग्रणी तनावपूर्ण स्थिति से जोड़ा गया है। तनाव या भय चिंता का एकमात्र कारण नहीं है, हालांकि, उत्साह भी चिंता का एक कारण हो सकता है। हम कैसे सोचते हैं और कुछ स्थितियों के लिए प्रतिक्रिया करते हैं, चिंता को काफी हद तक प्रभावित कर सकते हैं। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि हम वास्तव में एक घटना को लेने के तरीके से चिंता से काफी हद तक निपट सकते हैं। कुछ लोग कुछ स्थितियों को अधिक खतरनाक मान सकते हैं, क्योंकि वे वास्तव में जैसे हैं, उड़ान या तैराकी का डर है और अधिकांश समय एक फोबिया विकसित करना समाप्त हो जाता है। यह भी स्पष्ट है कि कई बार लोगों को किसी विशेष चीज के साथ एक बुरा अनुभव हो सकता है और उन्हें डर है कि यह फिर से उनके साथ होगा। कुछ मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बचपन के अनुभव भी बहुत हद तक चिंता की दिशा में योगदान कर सकते हैं। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि रासायनिक असंतुलन या अन्य शब्दों में मस्तिष्क रसायन विज्ञान के साथ समस्याएं चिंता विकारों के विकास में योगदान कर सकती हैं। कुछ न्यूरोट्रांसमीटर जो मस्तिष्क में संदेश ले जाने वाले रासायनिक दूत हैं, वे चिंता में शामिल हैं और इनमें सेरोटोनिन, नॉरपेनेफिन और गामा-अमीनोब्यूट्रिक एसिड (जीएबीए) शामिल हैं। इसलिए मस्तिष्क से रासायनिक संतुलन जो सीधे जुड़ा हुआ है कि हम किसी स्थिति को कैसे समझते हैं कि वह हमारे चिंता के स्तर को नियंत्रित कर सकता है। शोधकर्ताओं ने यह भी दिखाया है कि मस्तिष्क के कुछ क्षेत्रों में गतिविधि में परिवर्तन चिंता में शामिल हैं। कई चिंता विकार परिवारों में चलते हैं और एक आनुवंशिक कारण होने की संभावना है। हालांकि समय प्रबंधन में छात्रों की त्रुटियों के बीच, खराब अध्ययन की आदतें, सामग्री को ठीक से व्यवस्थित करने में विफलता और परीक्षा से पहले रात को क्रैमिंग करना भी परीक्षण की चिंता बढ़ाने की संभावना है। यदि एक परीक्षण पर्याप्त रूप से तैयार किया गया है, तो अवक्षेपण चिंता नकारात्मक सोच और चिंताओं के परिणामस्वरूप हो सकती है। भय से अंतर बहुत सारे लोग सोचते हैं कि डर चिंता या फोबिया का एकमात्र कारण है और उन्हें लगता है कि फोबिया केवल एक तरह का डर है। हालांकि, वास्तविकता अलग है और फोबिया भय से अलग है। हालांकि डर फोबिया का एक परिणाम है, फिर भी दोनों समान नहीं हैं। खतरनाक स्थितियों में भय का अनुभव करने के लिए यह सामान्य और यहां तक कि सहायक है। भय चरम स्थितियों के प्रति एक अनुकूली मानवीय प्रतिक्रिया है। यह एक सुरक्षात्मक उद्देश्य का कार्य करता है, जो हमें सावधान करने वाली स्वचालित प्रतिक्रिया को सक्रिय करता है। हमारे शरीर और दिमाग के सतर्क और कार्रवाई के लिए तैयार होने के साथ, हम जल्दी से जवाब देने और डर की स्थिति में खुद को बचाने में सक्षम हैं। हालांकि, फोबिया मेबडर की एक सामान्य स्थिति की तुलना में ई कुछ जटिल है। फ़ोबियास के साथ, खतरा बहुत अतिरंजित है या कोई भी नहीं है। उदाहरण के लिए, हम सभी सामान्य रूप से सड़क दुर्घटनाओं से डरते हैं जो ड्राइविंग करते समय हमें और भी अधिक सतर्क बनाते हैं; हालांकि, बहुत सारे लोग हैं जो एक दुर्घटना के कारण एक सड़क फोबिया विकसित कर सकते हैं और बस सड़क पर फिर से ड्राइव करने में असमर्थ हैं। डर एक ऐसी चीज है जो आपको कई बार असहज महसूस कर सकती है, लेकिन फिर भी, आप एक अतिरिक्त देखभाल के साथ स्थिति के साथ चलते हैं। हालांकि, एक फोबिया एक ऐसी चीज है जो न केवल आपके दिमाग में एक भय पैदा करती है, बल्कि यह डर और चिंता इतनी अधिक है कि आप उस विशेष स्थिति के माध्यम से होने के बारे में भी नहीं सोच सकते। एक सामान्य व्यक्ति जिसे ऊंचाइयों का डर है, वह विमान में या उतारने के समय तनाव या बेचैनी विकसित कर सकता है, जबकि फोबिया कुछ ऐसा है कि यदि आपको ऊंचाइयों या उड़ान का फोबिया है, तो आप एक महत्वपूर्ण घटना या अवसर को याद करने के लिए तैयार हो सकते हैं एक महत्वपूर्ण घटना तक पहुंचने के लिए उड़ान लेने के बजाय अपने जीवन का। परीक्षा फोबिया का कारण बहुत सारे लोग सोचते हैं कि परीक्षा फोबिया एक परीक्षण या परीक्षा के लिए अंडर-प्रिरैशन का परिणाम है और परीक्षा को भड़काने के डर से छात्रों के लिए तनावपूर्ण स्थिति या फोबिया की स्थिति होती है। हालांकि, अनुसंधान विशेषज्ञों ने बस इस सिद्धांत को छोड़ दिया है और इस बिंदु को बहुत स्पष्ट कर दिया है कि परीक्षा भय को एक कम करके, पूरी तरह से तैयार, सामान्य रूप से तैयार किए गए और साथ ही एक अति-तैयार छात्र के बीच देखा जा सकता है। बहुत बार सबसे अधिक चिंतित लोग वे होते हैं जो कम से कम तैयार होते हैं, लेकिन कभी -कभी वे उच्च उपलब्धि प्राप्त करने वाले होते हैं जिनके लिए केवल शीर्ष ग्रेड करते हैं और यहां तक कि उज्ज्वल छात्रों को भी अच्छी तरह से तैयार किया जा सकता है जो चिंता का अनुभव कर सकते हैं जो एक परीक्षा का कारण बन सकते हैं फोबिया। परीक्षाएं उनके इरादों और उद्देश्य में भिन्न होती हैं, और यह तथ्य कि वे अक्सर केवल परीक्षा के समय ही प्रकट होते हैं, उन्हें अप्रत्याशित बनाता है। बहुत सारी तैयारी और अपेक्षाएं भी ऐसे तथ्य हैं जो छात्रों के बीच तनाव को ट्रिगर करते हैं। भविष्यवाणी और नियंत्रण की कमी ज्यादातर लोगों को चिंतित महसूस कराने के लिए निश्चित है और यह जीवन का एक तथ्य है न कि केवल परीक्षाओं में। यदि आपको विषय की व्यापक समझ है तो आप अपनी बाधाओं को बेहतर बना सकते हैं। आप पाएंगे कि यह उस प्रश्न (ओं) का उत्तर देने की क्षमता में मदद करता है, जो परीक्षक द्वारा निर्धारित किया गया है। अपने फोबिया पर काबू पाना जैसा कि पहले परिभाषित किया गया है, एक फोबिया किसी ऐसी चीज से एक तीव्र भय की स्थिति है जो वास्तविकता में कोई वास्तविक खतरा हो सकता है या नहीं हो सकता है। फोबिया आपको ठुकरा सकता है और कई बार आपके जीवन में आपके सबसे बड़े दुश्मन या बाधाएं बन सकती हैं। छात्र के बीच परीक्षा फोबिया आपकी शैक्षणिक सफलता के लिए एक महान बाधा हो सकती है। समय पर यह महसूस करना बहुत महत्वपूर्ण है कि आपने एक फोबिया फॉर्म कुछ विकसित किया है और अपने जीवन का एक अच्छा अवसर बर्बाद करने से पहले अपने फोबिया को सही समय पर दूर कर दिया है। यह महसूस करना महत्वपूर्ण है कि कैफीन, शराब और कुछ दवाओं जैसे कारक चिंता के लक्षण पैदा कर सकते हैं। एक परिवार के सदस्य की मृत्यु जैसे दर्दनाक जीवन की घटनाएं, एक मृत्यु, युद्ध, और प्राकृतिक आपदाओं जैसे कि तूफान और भूकंपों को देखती हैं, चिंता विकारों या फोबिया को ट्रिगर कर सकती हैं। यदि आप किसी भी तरह के फोबिया से पीड़ित हैं, तो यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आपको अपनी समस्या को दूर करने के लिए कार्य करना चाहिए इससे पहले कि आप इसे ले जाएं। जब फोबियास के इलाज की बात आती है, तो स्व-सहायता रणनीतियों और चिकित्सा दोनों प्रभावी हो सकते हैं। आपके लिए सबसे अच्छा क्या है, कई कारकों पर निर्भर करता है, जिसमें आपके फोबिया की गंभीरता, आपके बीमा कवरेज और आपके द्वारा आवश्यक समर्थन की मात्रा शामिल है। सामान्य नियम यही है,स्व-सहायता हमेशा एक कोशिश के लायक होती है। जितना अधिक आप अपने लिए कर सकते हैं, उतना ही अधिक नियंत्रण में आप महसूस करेंगे जो कि फोबियास और भय के बारे में एक लंबा रास्ता तय करता है। हालांकि, यदि आपका फोबिया इतना गंभीर है कि यह घबराहट के हमलों या बेकाबू चिंता को ट्रिगर करता है, तो आप अतिरिक्त समर्थन प्राप्त करना चाह सकते हैं, यदि समस्या गंभीर है तो पेशेवर समर्थन प्राप्त करने में संकोच न करें। योग और ध्यान भी आपके दिमाग को शांत रखने और अपनी आंतरिक शक्ति को विकसित करने का एक बहुत प्रभावी तरीका है। यदि आप आत्म-चिकित्सा की कोशिश कर रहे हैं तो आपको पूर्ण आत्मविश्वास और प्रेरणा के साथ शुरू करना होगा। अपने डर का सामना करें, एक समय में एक कदम और कभी भी एक विकल्प को वापस करने पर विचार नहीं करना चाहिए। यह केवल स्वाभाविक है कि आप जिस चीज या स्थिति से डरते हैं, उससे बचना चाहते हैं, लेकिन इस बार उनसे बचने के लिए नहीं बल्कि उनसे निपटने के लिए आपको रास्ते मिलते हैं। जब फोबिया पर काबू पाने की बात आती है, तो आपके डर का सामना करना महत्वपूर्ण है। अपने फोबियास का सामना करें और आप आश्चर्य करेंगे कि अब ये आपके लिए कोई समस्या नहीं होगी। जबकि परिहार आपको अल्पावधि में बेहतर महसूस करा सकता है, यह आपको यह सीखने से रोकता है कि आपका फोबिया उतना भयावह या भारी नहीं हो सकता है जितना आप सोचते हैं। आपको कभी भी यह जानने का मौका नहीं मिलता कि कैसे अपने डर से निपटें और स्थिति पर नियंत्रण का अनुभव करें। नतीजतन, फोबिया आपके दिमाग में तेजी से डरावना और अधिक कठिन हो जाता है। इसलिए डर मत करो बस इन दृढ़ता से सामना करें और अपने फोबिया को अपने जीवन से हमेशा के लिए दूर कर दें।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# प्रयाग कुम्भःनभ में फहरते तीर्थ पुरोहितों के ध्वज-निशान



प्रमोद दीक्षित मलय
बांदा, उत्तरप्रदेश



लेख का आरम्भ मैं एक श्लोक की पंक्ति से करता हूं... ***मंगलं भगवान विष्णु,मंगलं गरुड़ध्वजः***, अर्थात् जिनके ध्वज में पक्षी गरुण अंकित है, ऐसे भगवान विष्णु हमारा मंगल करें। प्रत्येक देवी-देवता के वाहन में लगे ध्वज में कोई न कोई प्रतीक चिह्न अवश्य अंकित है जो आध्यात्मिक अर्थों को सहेजे हुए है। ऐसे ही महाभारतकालीन योद्धाओं के रथों में जो ध्वज लहरा रहे थे, उनमें प्रतीक चिह्न अंकित थे ताकि योद्धा दूर से पहचाने जा सकें।राजा-महाराजाओं के राज्य में भी प्रतीक चिह्न हुआ करता था जिसे सार्वजनिक कार्यक्रमों में ससम्मान प्रदर्शित किया जाता था और राजा के किसी अभियान में जाने पर राजचिह्न अंकित ध्वज सम्मानपूर्वक लेकर अश्वारोही और पैदल सैनिक आगे-आगे चलते थे। वर्तमान युग में भी देशों के अपने ध्वज होते हैं जो एक रंग के या रंग-बिरंगे होते हैं और उनमें कोई चिह्न छपा होता है। शैक्षिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं, स्कूल, कालेज एवं विश्वविद्यालयों, सरकारी संस्थाओं, प्रदेशीय सरकारों के प्रतीक चिह्न/लोगो होते हैं। ये प्रतीक चिह्न सम्बंधित संस्थान की दृष्टि, विचार एवं उद्देश्य तथा पहचान को प्रकट करते हैं। अपने प्रतीक चिह्न के आदर्श को बनाये रखने के लिए नागरिक या कार्यालयों के कर्मचारी सदाचरण करते हैं।

पाठकों की जानकारी के लिए मैं महाभारतकालीन योद्धाओं के ध्वज और उनमें अंकित चिह्नों के बारे में लिखना उचित समझता हूं। कौरव पक्ष के वयोवृद्ध योद्धा देवव्रत भीष्म के रथ पर फहरते विशाल ध्वज पर ताड़ का ऊंचा वृक्ष और 5 तारे अंकित थे, गुरु द्रोणाचार्य के ध्वज में वेदिका, एक कटोरा और धनुष-बाण चित्रित थे। कौरव कुलगुरु कृपाचार्य के ध्वज पर गाय-बैल या सांड का चित्र था और द्रोण पुत्र अश्वत्थामा के स्वर्ण सज्जित ध्वज पर उगते सूर्य की आभा सहेजे शेर की पूंछ शोभायमान थी तो हल अंकित ध्वज मद्र नरेश के रथ पर फहर रहा था। जयद्रथ की ध्वजा पर रजत वराह तो युवराज दुर्योधन के ध्वज पर फन पर जड़ित हीरायुक्त सर्प का चिह्न था। दानवीर कर्ण के रथ पर श्वेत शंख और सोने की बनी रस्सी थी। पांडव पक्ष में युधिष्ठिर के ध्वज पर नक्षत्रयुक्त चंद्रमा, भीम के ध्वज पर चांदी से बना विशाल शेर बना था। सुंदर नकुल का झंडा निशान था स्वर्ण पीठ वाला हिरन और सहदेव का ध्वज चिह्न था चांदी का हंस। अर्जुन के कपिध्वज पर हनुमान जी स्वयं विराजमान थे, अभिमन्यु के ध्वज की पृष्ठभूमि में पीले पत्तों वाला वृक्ष बना था। वीर घटोत्कच के झंडे पर गिद्ध अंकित था तो बलराम के झंडे पर ताल वृक्ष। ऐसे ही अन्यान्य योद्धाओं के ध्वज पर विशेष चिह्न अंकित थे जो उनकी पहचान और विशिष्टता को प्रदर्शित करने वाले थे।

पाठक सोच रहे होंगे कि मैं ध्वज और उनमें अंकित चिह्नों की चर्चा क्यों कर रहा हूं। दरअसल आजकल मैं महाकुंभ प्रयागराज में कल्पवास कर रहा हूं। पौष पूर्णिमा 13 जनवरी से आरंभ हुआ कल्पवास माघ पूर्णिमा 12 फरवरी को पूर्ण होगा। कल्पवास की मास पर्यंत अवधि हेतु रहने आदि का प्रबंध प्रयागराज के तीर्थ पुरोहित करते हैं, जिन्हें सामान्यतः पंडा कहा जाता है। ये पंडे ब्राह्मण वर्ग से हैं और सदियों से पीढ़ी दर पीढ़ी तीर्थयात्रियों को कल्पवास करने हेतु आवास आदि की व्यवस्था करते आयें हैं। तीर्थयात्रियों द्वारा गंगा स्नान पश्चात् पूजन संकल्प और अन्य धार्मिक कर्मकांड करवाने के बाद श्रद्धापूर्वक प्राप्त दान-दक्षिणा ही पंडों की आय का एकमात्र स्रोत है। कुम्भ के आयोजन और वार्षिक माघ मेले के बाद अन्य महीनों में भी ये पंडे दूर-दूर से आने वाले अपने यजमानों के रहने एवं भोजन आदि का समुचित प्रबंध करते हैं। प्रत्येक पंड़े का देश भर में एक या कुछ जनपद निश्चित हैं और उन जनपदों के निवासी यजमान अपने सभी धार्मिक अनुष्ठान एवं कर्मकांड केवल अपने पंडा से ही करवाते हैं। प्रत्येक पंड़ा का गंगा घाट पर एक स्थान निश्चित है जिसे उनकी भाषा में तखत कहा जाता है। जानकर आश्चर्य होगा कि प्रत्येक पंडे के तखत का एक रजिस्टर्ड नम्बर होता है, जिसे वे पोस्टर या बैनर पर अंकित करवाते हैं। यह तखत नम्बर प्रशासन द्वारा उन्हें आवंटित किया जाता है। जब मेरे मन में कल्पवास करने की प्रेरणा-इच्छा हुई तो मैंने अपने गांव बल्लान जिला बांदा के पंडा माधौप्रसाद पंडा के वंशज आशीष पंडा जी से सम्पर्क किया और मेरा पूरा प्रबंध हो गया।

जब मैं कल्पवास करने पहुंचा तो देखा कर दंग रह गया कि तम्बुओं का व्यवस्थित नगर बसा हुआ है। प्रत्येक पंडा को गंगा की रेती पर कुछ भूभाग आवंटित किया गया है जिसे टीन की चादरों की चारदीवारी से सुरक्षित कर उसके अंदर तम्बू लगाए गये हैं। इस स्थान को बाड़ा या छावनी भी कहा जाता है। प्रत्येक बाड़े में पानी की आपूर्ति हेतु नल एवं टोंटी लगे हैं, प्रत्येक तम्बू में प्रकाश हेतु विद्युत तार एवं बल्ब का प्रबंध है। मांग पर तम्बू के बाहर शौचालय भी स्थापित कर दिया जाता है। बाड़े के बाहर सैकड़ों सार्वजनिक शौचालय हैं और खाली मैदान भी पड़ा है। मैंने अपने तम्बू के पीछे एक शौचालय और नल स्थापित करवाया है। एक सुबह मैंने देखा कि इस तम्बू नगरी के नील गगन में सैंकड़ों ध्वज-पताका फहर रहे हैं जिन पर तरह-तरह के चिह्न अंकित हैं। इन झंडों पर बने चित्र आमजन के दैनिक प्रयोग की वस्तुओं से जुड़े हैं, यथा - नारियल, मछली, पीतल की कड़ाही, लोटा, घंटा, चांदी का नारियल, जटा वाला नारियल, निहाई और हथौड़ा, चौखुटा क्रास, दो लौकी, हाथ का पंजा, सूरज, लालटेन और ढाल, टेढ़ी नीम, बारहखम्भा, चरण पादुका, बरगद का पेड़, डलिया, पांच राइफल, ऊंट, घोड़ा, हाथी, रेडियों, पांच सैनिक, दीपक, पान का पत्ता सहित लाल, हरे, नीले आयताकार सादे झंडे। किसी-किसी बाड़े में झंडा निशान के साथ ही झंडे में अंकित वस्तु भी एक ऊंचे बांस पर टांग दी गयी है। इतनी तरह के झंडा निशान क्यों, मैंने अपनी जिज्ञासा लालटून का झंडा वाले आशीष पंडा के सम्मुख रखी। वे कहते हैं कि यह सदियों से पंडों की पहचान का आधार रहे हैं। जब जनता-यजमान पढ़े-लिखे नहीं होते थे तब वे संगम क्षेत्र में अपने तीर्थ पुरोहित पंडा को आसानी से पहचान सकें, इसके लिए झंडा और निशान बनाए गये थे। यह सुन मैं आश्चर्यचकित था कि तभी मैंने एक प्रश्न प्रकट किया कि ये झंडा निशान का निर्धारण कौन करता है। पास ही बैठे श्याम पंडा के पुत्र गौतम बोले कि पंडों की अपनी एक समिति है प्रयागवाल समिति। यही समिति झंडा निशान तय करती है। वास्तव में, पंडों के झंडों की यह दुनिया बहुत विशाल, रोचक, प्रेरक और परम्परा को सहेजे यजमानों के हित-कल्याण हेतु अहर्निश साधनारत है।

## कविता
## रोता आया है रोता ही जायेगा

घटती-घटना



उदय किशोर शाह
जयपुर,बांका बिहार
राजस्थान

रोता हुआ आया है रोते हुए ही जायेगा
तेरे कर्मों का फल यहीं तुँ ही पायेगा
ये धरती है पावन पावन ही कहलायेगा
तेरे पापों की काया
गंगाजल भी ना धो पायेगा
जैसा बीज बोया है
वैसा फसल उपजायेगा
झुठे मक्कारी का
मजा एक दिन चख पायेगा
कोई परिजन तुम्हें
बचाने ना आयेगा
पापों की तेरी सजा
कुदरत से आयेगा
तेरी कोई चालाकी
धरा का रह जायेगा
अच्छे कर्म करोगे
तो अच्छा ही पायेगा
बाल गोपाल भी
सलामत रह जायेगा

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# 14 जिला पंचायत क्षेत्र के लिए 99 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 6 फरवरी को नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण की गई और प्रत्याशियों का चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। 10 अभ्यर्थियों ने नामांकन वापस लेने के बाद सरगुजा जिले के 14 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 89 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पंचायतों में चुनाव प्रचार तेज हो गई है। प्रत्याशी जनसंपर्क कर मतदाताओं को अपने पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं।



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 3 फरवरी तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने तथा 4 फरवरी को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा पूर्ण किए जाने के पश्चात 6 फरवरी को नाम वापसी की प्रक्रिया की गई। वहीं प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का भी आबंटन कर दिया गया है। नामांकन जमा करने के अंतिम तिथि तक जिला पंचायत के सदस्य हेतु 14 पदों के लिए 99 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था, संवीक्षा के पश्चात सभी 99 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य पाए गए थे। 6 फरवरी को नामांकन वापसी के दौरान 10 अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस लिया है। इसके बाद अब कुल 89 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। इन सभी अभ्यर्थियों का जिला निर्वाचन द्वारा चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिया गया है। 14 जिला पंचायत क्षेत्रों के लिए कुल 3 चरणों में चुनाव होना है। प्रथम चरण 17 फरवरी को विकासखंड अंबिकापुर, लखनपुर व उदयपुर में होगा। वहीं दूसरे चरण 20 फरवरी को सीतापुर व मैनपाट व तीसरे चरण 23 फरवरी को लुण्ड्रा, बतौली में चुनाव होगा। जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 से उर्मिला तिवारी, क्षेत्र क्रमांक 2 से सुनीता रजवार, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 4 अनुक प्रताप सिंह टेकाम, सुशीला सिंह, विक्रम सिंह, क्षेत्र क्रमांक 5 अजय कुमार सिंह, रामकुमारी साहू, उशील राम क्षेत्र क्रमांक 9 महेन्द्र कुमार सिंह व क्षेत्र क्रमांक 11 से मुनेश्वरी पैकरा ने अपना नाम वापस लिया है।

# छत्तीसगढ़ मिक्स नेटबाल की टीम से देहरादून में खेलेगी खुशबु

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

देहरादून उत्तराखंड में आयोजित 38वीं नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ मिक्स नेटबाल की टीम भाग लेगी। छत्तीसगढ़ मिक्स नेटबाल की टीम में सरगुजा जिला की राष्ट्रीय नेटबाल खिलाड़ी खुशबु गुप्ता का भी चयन किया गया है। छत्तीसगढ़ मिक्स नेटबॉल टीम का 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था। जिसमें खुशबु गुप्ता का प्रदर्शन बहतर रहा। प्रदेश सचिव राजेश राठौर में बताया कि 22 से 5 फरवरी तक नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के निर्देशन में जांजगीर में यह कैम्प लगाया गया। खिलाडियों की सूची इस प्रकार है सोनम शर्मा (दुर्ग) शिवांगी बाजपेयी (दुर्ग) मिशा सिंह (दुर्ग) खुशबू गुप्ता (सरगुजा) मंदाकिनी श्रीवास (जांजगीर-चांपा) पूजा प्रताप (रायपुर) संदीप वर्मा (बलौदा बाजार भाटापारा) निहाल पांडे (जांजगीर-चांपा) प्रशांत कहारा (जांजगीर-चांपा) अमन भोई (रायपुर) शैलेन्द्र कहरा (जांजगीर-चांपा) सौम्या संतवानी (बिलासपुर) का नाम शामिल है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिला के लिए बहुत बड़ी उलब्धि है। सरगुजा जिले से खुशबु गुप्ता का चयन 38 वीं नेशनल गेम्स देहरादून, उत्तराखंड के लिए हुआ है। खुशबू गुप्ता के पिता का कुछ माह पूर्व ही निधन हो गया है। इस विपरित परिस्थिति में भी खुशबु खेल के प्रति गंभीर रही और शिविर में बेहतर प्रदर्शन किया और नेशनल गेम्स के लिए चयन हुआ। जबकि खुशबु गुप्ता पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी भी है। खुशबु गुप्ता के पिता गांधीनगर में एक छोटा सा अण्डे का ठेला लगाते थे, इसी ठले के कमाई से घर का पालन-पोषण चल रहा था, अब घर की सारी जिम्मेदारी खुशबु गुप्ता के उपर आ गई है। उसके बायजुद खेल के लिए समय दे रही है। खुशबु गुप्ता ने चयन होने से सरगुजा का नाम बढ़ा है। लोगों ने उसे शुभकामनाएं भी दी है। 38 वीं नेशनल गेम्स देहरादून, उत्तराखंड में 10 फरवरी को रिपोर्टिंग और मैच 11 से 13 फरवरी तक होगा।



# बलरामपुर जिले में नाबालिग से दुष्कर्म,गर्भवती हुई तो हुआ खुलासा, शिक्षक गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के त्रिकुण्डा थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है। पीड़िता 05 माह की गर्भवती हुई तब मामले का खुलासा हुआ।

## क्या है पूरा मामला?

त्रिकुण्डा थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी शिक्षक विक्रम सोनी पीड़िता के घर आता-जाता था और उसकी नाबालिग बेटी 17 वर्षीय के साथ बातचीत करता था। जब पीड़िता की मां को इस बात की जानकारी हुई, तो उन्होंने अपनी बेटी से पूछा। पीड़िता ने बताया कि अगस्त 2024 में विक्रम सोनी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था, जिसके कारण वह 5 माह की गर्भवती है। पीड़िता की मां ने त्रिकुण्डा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने आरोपी शिक्षक विक्रम सोनी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शिक्षक को न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

# 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी आहूति

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

मनुष्य में देवत्व का उदय व धरती पर स्वर्ग का हो अवतरण के लिए गायत्री शक्तिपीठ अंबिकापुर द्वारा शहर के कलाकेन्द्र मैदान में चार दिवसीय राष्ट्र जागरण शक्ति संवर्धन 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया है। 5 फरवरी को कलश यात्रा के साथ यज्ञ की शुरूआत की गई। गुरुवार को महायज्ञ का दूसरे दिन देवपूजन, यज्ञ ज्ञान विज्ञान,संदेश, व विविध संस्कार का आयोजन किया गया। यज्ञ आगामी 8 फरवरी तक चलेगा। हर दिन काफी संख्या गायत्री भक्त पहुंच रहे हैं।

24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरूआत 5 फरवारी को 11 सौ कलश के साथ नगर में ज्ञान गंगा शोभायात्रा एवं भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। शाम को 6 बजे से ध्यान साधना, कलश स्थापना, आद्यशक्ति, युगशक्ति पर संगीत के साथ शांतिकुंज हरिद्वार, उत्तराखंड की मुख्य कथावाचक संध्या तिवारी का प्रवचन हुआ। इस दौरान बनाए गए हवन कुण्ड में श्रद्धालुओं ने सपरिवार उपस्थित होकर आहूति दी। इसी क्रम में सरगुजा कलेक्टर विलास भोसकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने गायत्री परिवार द्वारा आयोजित नशामुक्ति




अभियान के प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। 7 फरवरी को विशेष कार्यक्रम आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी के तहत महिला एवं बाल विकास विकास विभाग के मितानिन कार्यकर्ताओं को हरिद्वार से आठ सदस्यीय महिलाओं की टीम के साथ आई संध्या तिवारी एवं सहयोगियों द्वारा गर्भवती महिलाएं अपनी आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बना सकें, इसके लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। 7 फरवरी को प्रातः 8 बजे से गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कार के साथ अपरान्ह 3 बजे युवा चेतना जागरण, शाम 5 बजे से राष्ट्र जागरण भव्य दीप महायज्ञ होगा। अंतिम दिन 8 फरवरी, शनिवार को प्रातः 8 बजे से गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कार की पूर्णाहुति होगी।



# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कल अंबिकापुर में

## भाजपा के रोड शो व आमसभा में होंगे शामिल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 7 फरवरी को अंबिकापुर में भाजपा के रोड शो व आमसभा में शामिल होंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने दी है। उन्होंने बताया कि भाजपा के रोड शो और आमसभा कार्यक्रम में शामिल होकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अंबिकापुर नगरीय निकाय चुनाव में खड़े भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आम जनता से वोट अपील भी करेंगे।

# भारी वाहनों,यात्री बसों,फोर व्हीलर एवं टू-व्हीलर वाहनों के शहर के बाहर एवं रिंग रोड़ हेतु आवागमन हेतु

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

माननीय श्री विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन का दिनांक 07.02.2025 सरगुजा आगमन, रैली एवं जनसभा प्रस्तावित होने से आम जनता को यातायात के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे दृष्टिगत् रखते हुये अम्बिकापुर शहर एवं अम्बिकापुर से होकर आने-जाने वाली वाहनों के लिए यातायात व्यवस्था सुगम एवं व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके इसलिए सरगुजा पुलिस द्वारा ट्रैफिक एडवायजरी (प्रातः 10 बजे से व्ही. व्ही.आई.पी के प्रस्थान तक के लिए) जारी किया गया है, जो निम्नानुसार है-

01. मनेन्द्रगढ़ रोड़, बनारस रोड़ की ओर से आने वाले सभी यात्री बसे एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग सांई मंदिर तिराहा, महापौर मार्ग, रावत रेसीडेंसी तिराहा, कन्या परिसर मोड़, कन्या परिसर रोड़ होते हुये गंगापुर मोड़ मासूम अस्पताल के पास रिंग रोड़, बस स्टैण्ड होते हुये अपने-अपने गन्तव्य स्थान की ओर जायेगें।

02. गढ़वा रोड़, प्रतापपुर रोड़ की ओर से आने वाले सभी यात्री बसे एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग रिंग रोड़ का प्रयोग करते हुये प्रतापपुर चौक, बंगाली चौक, चांदनी चौक, स?द्भावना चौक, भारतमाता चौक, बिलासपुर चौक, बस स्टैण्ड की ओर से होते हुये अपने-अपने गन्तव्य स्थान की ओर जायेगें।


03. रायगढ़ रोड़, बिलासपुर रोड़ की ओर से आने वाले सभी यात्री बसे एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग रिंग रोड़ का प्रयोग करते हुये भारतमाता चौक, बिलासपुर चौक, बस स्टैण्ड, गंगापुर मोड़ की ओर से होते हुये अपने-अपने गन्तव्य स्थान की ओर जायेगें।

04. आपातकालीन सेवा संबंधी वाहन को अम्बिकापुर शहर आने एवं बाहर जाने के लिए छूट रहेगा।

05. सभी प्रकार के भारी वाहनों को अम्बिकापुर शहर में व्हीआईपी मूवमेंट के दौरान आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, सभी भारी वाहन शहर के बाहर आऊटर नाकांबदी बेरियर में रूकेगें।

## ट्रैफिक एडवायजरी/डायवर्सन

माननीय श्री विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन का दिनांक 07.02.2025 को रैली एवं जनसभा का कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिस कारण अम्बिकापुर शहर के अंदर व्ही.व्ही.आई.पी. के रैली (जिसका रूट बंगाली चौक थाना चौक महामाया चौक संगम चौक घड़ी चौक) के दौरान आम जनता को यातायात के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे दृष्टिगत् रखते हुये यातायात व्यवस्था सुगम एवं व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके इसलिए सरगुजा पुलिस द्वारा ट्रैफिक एडवायजरी / डायवर्सन (दोपहर 01.00 बजे से व्ही.व्ही.आई.पी के प्रस्थान तक के लिए) जारी किया गया है, जो निम्नानुसार है-




(आम जनता के फोर व्हीलर एवं टू-व्हीलर वाहनों के शहर एवं रिंग रोड़ के अंदर आवागमन हेतु)

01. बंगाली चौक, थाना चौक, महामाया चौक की ओर आने वाले सभी फोर व्हीलर, श्री व्हीलर एवं टू-व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग डी.सी रोड़, गुदरी चौक, शर्मा फर्नीचर, भट्ठी रोड़, जोड़ा पीपल, नगर निगम पानी टंकी, चौपाटी, आकाशवाणी चौक मार्ग होते हुये अपने-अपने गन्तव्य स्थान की ओर जायेगें।

02. मायापुर (कोतवाली थाना के आगे स्थित सभी मार्ग), सुदामा होटल, समलाया मंदिर तिराहा,. अग्रसेन चौक की ओर आने वाले सभी फोर व्हीलर, श्री व्हीलर एवं टू-व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग चांदनी चौक रिंग रोड़, सद्भावना चौक, एसबीआई गली, कदम्बी चौक मार्ग, जय स्तंभचौक होते हुये अपने-अपने गन्तव्य स्थान की ओर जायेगें।

03. ब्रम्ह मंदिर तिराहा, श्री राम हॉस्पिटल गली, बसंत लाल मार्ग ओर आने वाले सभी फोर व्हीलर, श्री व्हीलर एवं टू-व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग ब्रम्ह मंदिर तिराहा, राम मंदिर तिराहा, पूनम लॉज चौक, पुराना बस स्टैण्ड, सत्तीपारा, करबला मार्ग, मंजूषा चौक होते हुये अपने-अपने गन्तव्य स्थान की ओर जायेगें।

04. आपातकालीन सेवा संबंधी वाहन को अम्बिकापुर शहर आने एवं बाहर जाने के लिए छूट रहेगा।

05. सभी प्रकार की स्कूली बसें एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन रिंग रोड़ का प्रयोग करेंगें।

## पार्किंग व्यवस्था

01. घड़ी चौक में प्रस्तावित जनसभा कार्यक्रम के दौरान सभी फोर व्हीलर, श्री व्हीलर एवं टू-व्हीलर वाहन कलाकेन्द्र मैदान में अपने-अपने वाहन को खड़ा करेगें।

02. गांधीनगर थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित गांधी चौक में प्रस्तावित जनसभा कार्यक्रम के दौरान सभी फोर व्हीलर, थी व्हीलर एवं टू-व्हीलर वाहन आत्मानंद स्कूल एवं प्राथमिक शाला मैदान (गांधीनगर सब्जी बाजार के पीछे) में अपने-अपने वाहन को खड़ा करेगें।

# सेवा किटी समूह ने मरीजों के लिए अस्पताल में लगाया वाटर डिस्पेंसर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

मरीजों व उनके परिजनों की सुविधा के लिए सेवा किटी समूह द्वारा मेडिकल कॉलेज को पानी ठंडा-गर्म के लिए डिस्पेंसर दिया गया है। समूह द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रशासन को वाटर डिस्पेंसर मरीजों के लिए सौंपा गया।

सेवा किटी समूह ने सामुदायिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर किया। इस सम्मानजनक कार्यक्रम के अवसर पर दो महिला सदस्यों ने रक्त दान करके अपने मानवीयता का परिचय दिया। इस अवसर पर अस्पताल अधीक्षक आरसी आर्या ने समाज के प्रति समर्पण और उनके सहयोग का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी, डॉ. युगल किशोर किंडो, डॉ. पुष्पेंद्र राम, सेवा किटी समूह के अध्यक्ष वंदना दत्ता, पुष्पा सोनी, मीना वर्मा, दीप माला सिंह, निलीमा गोयल, श्वाती तिवारी, शीला प्रजापति सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।








# चिरमिरी नगर निगम चुनाव क्या बना जंग का मैदान...जहां सत्ता पक्ष अपने प्रत्याशी के लिए विपक्ष के प्रत्याशी पर है हमलावर

- » विपक्षी पार्टी के प्रत्याशी पैसे से हैं मजबूत पर दिमाग व बोली में नहीं उनका कंट्रोल जिस वजह से फजीहत में पड़े?
- » सत्ता पक्ष व विपक्षी प्रत्याशी के विरोधियों ने एक साथ विपक्ष के प्रत्याशी पर खोल दिया है मोर्चा...विपक्षी पार्टी के प्रत्याशी बचाव में विफल क्यों?
- » पूर्व विधायक डॉ विनय जायसवाल वह विनय जायसवाल नहीं रहे जिन्हें जनता ने 2018 में चुना था?
- » क्या डॉ विनय जयसवाल अपनी कार्यप्रणालियों की वजह से आज सत्ता पक्ष के सामने कमजोर पड़ गए हैं
- » आखिर कैसी थी उनके पांच साल की कार्यप्रणाली की आज वह इतने कमजोर हो गए?


भाजपा महापौर प्रत्याशी राम नरेश राय


कांग्रेस महापौर प्रत्याशी डॉ विनय जयसवाल




## परिणाम जो हो पर विपक्षी पार्टी के महापौर प्रत्याशी की फजीहत जरूर है...

नगरीय निकाय चुनाव में चिरमिरी नगर निगम चुनाव का परिणाम जो भी आए लेकिन यह तय है कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी की फजीहत तय है। महापौर प्रत्याशी कांग्रेस के अपने कार्यकाल के कार्यों को लेकर आज संघर्ष झेल रहे हैं। उनका खुद के विधायक पद का कार्यकाल वहीं उनकी पत्नी के महापौर पद का कार्यकाल उनके लिए दिक्कत खड़ा कर रहा है। बताया जा रहा है वह काफी कुछ संघर्ष कर रहे हैं।

- रवि सिंह -
चिरमिरी,6 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की यदि बात की जाए तो इस समय कोई सबसे ज्यादा चर्चित नगरीय निकाय चुनाव है तो वह है एमसीबी जिले का चिरमिरी नगरीय निकाय चुनाव, यहां पर एक वकील व पूर्व विधायक के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है, वकील सत्ता पक्ष यानी कि भाजपा के प्रत्याशी हैं तो वहीं डॉक्टर विनय कांग्रेस के प्रत्याशी है। डॉ विनय जायसवाल जिस समय विधायक प्रत्याशी नहीं थे उस समय कांग्रेस के लिए वह काम कर रहे थे, साथ ही चिरमिरी की जनता को वह बेहतर सुविधा भी देने का दावा कर रहे थे, यही वजह था कि वह 2018 में कांग्रेस से विधायक प्रत्याशी चुने गए और 2018 चुनाव में भाजपा के विधायक प्रत्याशी को हरा भी सके और स्वयं विधायक बन गए और किस्मत के भी इतने धनी थे कि उनकी सरकार भी प्रदेश में रही, इन 5 साल में उन्होंने जो किया वह किसी से छुपा नहीं है यहां तक की उन्होंने चिरमिरी नगर निगम का महापौर भी अपनी पत्नी को बनवाया। पर जो बोलकर डॉक्टर विनय जायसवाल सत्ता पक्ष के विधायक बने थे शायद वह खुद के कार्यकाल में क्षेत्र के लिए वह नहीं कर पाए? सिर्फ कुछ किया तो उन्होंने अपने लिए विरोध उत्पन्न किया, आज यही वजह है कि उस विरोध की अग्नि में उन्होंने विधायक प्रत्याशी का टिकट कटवाया 1 साल बाद नगरीय निकाय चुनाव के लिए वह महापौर प्रत्याशी बनकर आए और आज फिर से वह उस विरोध की अग्नि में जल रहे हैं, क्योंकि इस समय जो सोशल मीडिया से लेकर वहां के स्थानीय जनों में चर्चा है वह सिर्फ डॉक्टर विनय जायसवाल को लेकर है डॉक्टर विनय जायसवाल वैसे तो नेता अच्छे हैं पर न जाने इस समय वह क्यों सत्ता के वार को झेल नहीं पा रहे हैं? आलोचनाओं का जवाब मुंह तोड़ नहीं दे पा रहे हैं इसकी वजह क्या उनके पांच साल के कार्यकाल की कमियां है? सत्ता परिवर्तन हुए 1 साल हो गए पर 1 साल बाद भी डॉक्टर विनय जायसवाल अपने सत्ता पक्ष के विधायक को घेर पाने में असफल रहे, आज जब वह महापौर प्रत्याशी बनाकर मैदान में है तो भी वह सत्ता पक्ष को घेरने में असफल साबित हो रहे हैं, सत्ता पक्ष कांग्रेस प्रत्याशी पर हावी हो चुका है अभी तक की स्थिति में इस समय किसी को समर्थन मिल रहा है सबसे अधिक तो वह सत्ता पक्ष के प्रत्याशी को, क्योंकि विपक्षी पार्टी के महापौर प्रत्याशी के पास लग रहा है कि सत्ता पक्ष के सवालों का जवाब ही नहीं रहा या फिर कहे तो वह अपनी गलतियों को स्वीकार कर बैठे हैं और गलती सुधारने के लिए वह चुप रहना ही ज्यादा मुनासिब समझ रहे हैं?

### पूरा सोशल मीडिया कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी के विरोध में क्यों?

सोशल मीडिया के अनुसार सबसे ज्यादा यदि किसी का विरोध समझ में आ रहा है तो वह विरोध कांग्रेस पार्टी के महापौर पद के प्रत्याशी का विरोध है। कांग्रेस के महापौर पद के प्रत्याशी का विरोध हद से ज्यादा सोशल मीडिया पर जारी है। सोशल मीडिया अनुसार वह चुनाव में हैं ही नहीं। अब सोशल मीडिया के अनुसार भी चुनाव का परिणाम तय होता है और वह यदि वहां विरोध झेल रहे हैं तो यह तय है कि जमीन पर उनका विरोध भी होगा ही।

### क्या सत्ता जाते ही पूर्व विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल के समर्थक भी हुए कम और विरोधी हुए अधिक?

सत्ता के दौरान जब डॉक्टर विनय विधायक थे तब उनके समर्थक काफी अधिक थे आज स्थिति ऐसी है कि उनके सभा में कुर्सियां खाली रह जा रही हैं और उन्हें खुद को असहाय पीड़ित बताने के लिए गिरने का अभिनय करना पड़ रहा है। क्या सत्ता जाते ही उनका ग्लैमर खत्म हो गया? सत्ता रहते डॉक्टर विनय का जलवा देखने वाले कहते भी है कि कुर्सी जाते ही क्या गति होती है यह देखने चिरमिरी जाना चाहिए।

### क्या नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत जितवा पाएंगे अपने महापौर प्रत्याशी को?

अब चिरमिरी का महापौर केवल एक ही शर्त पर जीत सकेगा यदि चरणदास महंत अपना पूरा जोर लगा देंगे। चरणदास महंत की छवि पर ही डॉक्टर विनय का चुनावी परिणाम टिका है। अब देखना है क्या चरणदास महंत डॉक्टर विनय को चुनाव जितवा पाएंगे? वैसे चरणदास महंत चाह लेंगे तो डॉक्टर विनय की नैया पार लग जाएगी ऐसा लोगों का मानना है।

### भाजपा हर चुनाव को गंभीरता से लेती है पर कांग्रेस हर चुनाव में बिखर क्यों जाती है?

भाजपा और कांग्रेस को लेकर लगातार देखा जा रहा है कि भाजपा में अनुशासन कायम रह जाता है जब चुनाव आता है वहां एकजुटता आ जाती है वहीं कांग्रेस बिखर जाती है। वैसे इसके पीछे की वजह जहां अनुशासन है पार्टी का वहीं इसकी वजह के पीछे पार्टी के निर्णय लेने की तत्परता भी है। भाजपा निर्णय लेने में देरी नहीं करती वहीं कांग्रेस निर्णय लेने में हमेशा विलंब कर जाती है।

# नगरीय निकाय चुनाव के लिए ईवीएम का प्रदर्शन






» वार्डों में मतदाताओं को कराया जा रहा हैंड्स-ऑन

- संवाददाता -
बलरामपुर,06 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के लिए जिले में मतदाताओं को ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए वार्डों में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रदर्शनी के माध्यम से बताया जा रहा है कि नगरीय निकाय चुनावों में मतदाता को दो पदों अध्यक्ष एवं पार्षद के लिए मतदान करना होगा। इस प्रक्रिया के तहत नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए मतदाता को सफेद लेबल वाले उम्मीदवार के सामने स्थित बटन दबाना होगा। मतदान की पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज सुनाई देगी। पार्षद पद के लिए मतदाता को गुलाबी लेबल वाले उम्मीदवार के सामने बटन दबाना होगा। इस बार बीप की लंबी आवाज सुनाई देगी, जो मतदान प्रक्रिया के पूरा होने का संकेत देगी। इस पूरी प्रक्रिया की जानकारी हर वार्ड में डेमो ईवीएम मशीन के माध्यम से दी जा रही है। मतदाता हैंड्स-ऑन अनुभव कराया जा रहा हैं और लोगों की शंकाओं का समाधान भी किया जा रहा हैं। ताकि मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया की पूरी जानकारी प्राप्त कर सके और मतदान के समय किसी प्रकार की शंका नहीं रहेगी और बिना किसी भ्रम के मतदान कर सकेंगे।

# अवैध रेत भण्डारण पर एसडीएम ने की कार्यवाही





- संवाददाता -
बलरामपुर,06 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिले में रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर रोक लगाने लगाने के लिए कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देश पर राजस्व एवं खनिज विभाग के द्वारा कार्यवाही की जा रही है तथा मैदानी अमला भी सक्रियता व गंभीरता के साथ अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्यवाही में जुटा हुआ है। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजपुर श्री राजीव जेम्स कुजूर ने अवैध रेत भंडारण की सूचना के बाद ग्राम सिंगचौरा में छापेमारी की कार्यवाही करते हुए एक जेसीबी, हाईवा व अवैध रूप से भण्डारित 10200 घन फीट रेत जप्त कर अवैध रेत भण्डारण का प्रकरण दर्ज किया है।

गौरतलब है कि ग्रामीणों के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री राजीव जेम्स कुजूर को रेत के अवैध भण्डारण की सूचना मिली थी और सूचना प्राप्त होने के बाद वे मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों से अवैध रेत के सम्बंध में जानकारी ली। इस दौरान श्री पंकज गुप्ता के द्वारा अवैध रेत उत्खनन कर गांव सिंगचौरा में रेत का अवैध भण्डारण किया गया था, जिस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने रेत, जेसीबी व हाईवा को जब्त कर आवश्यक कार्यवाही की गई है।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित में वित्तीय अनियमितता,निलंबन व एफआईआर की कार्यवाही

## बैंक निरीक्षण में हुआ वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, अंबिकापुर का सांविधिक निरीक्षण वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के लिए 31 मार्च 2024 की स्थिति पर नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा 09 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक किया गया। इस दौरान 29 जनवरी 2025 को कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी (बोर्ड) की बैठक में बैंक की वित्तीय स्थिति पर चर्चा हुई।

बैठक के दौरान नाबार्ड अधिकारियों ने बैंक को प्राप्त शिकायतों के आधार पर शाखा शंकरगढ़ और शाखा कुसमी में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की संभावना व्यक्त की। उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ, शंकरगढ़, जिला बलरामपुर द्वारा की गई शिकायत (प्राप्त 4 सितंबर 2024, दर्ज 26 अप्रैल 2024) की जांच की सिफारिश की। इसके बाद बैठक में निर्णय लिया गया कि इन शाखाओं के वित्तीय व्यवहारों की जांच के लिए विशेष जांच दल गठित किया जाए।

### अंकेक्षण रिपोर्ट में वित्तीय अनियमितता का खुलासा

बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा संदेहास्पद खातों की जांच हेतु बैंक के समवर्ती ऑडिटर को निर्देश दिया गया। इसके तहत 5 फरवरी 2025 को प्राप्त फ्लैश अंकेक्षण प्रतिवेदन में ?13,14,82,590.00 की प्रथम दृष्ट्या वित्तीय अनियमितता का खुलासा हुआ।

जांच में कर्मचारियों की संलिप्तता पाई गई, जिसके बाद बैंक के प्राधिकृत अधिकारी विलास भोसकर ने तुरंत प्रभाव से कर्मचारियों को निलंबित करने व एफआईआर दर्ज कराने के आदेश जारी किए।

### निलंबित कर्मचारी व उनके पद

1. अशोक कुमार सोनी - सहायक मुख्य पर्यवेक्षक, बैंक आईडी 631, प्रभारी शाखा प्रबंधक, शाखा शंकरगढ़
2. जगदीश प्रसाद - सहायक लेखापाल, बैंक आईडी 633, प्रभारी शाखा प्रबंधक, शाखा कुसमी




3. समल साय - सेवा निवृत्त सहायक मुख्य पर्यवेक्षक, बैंक आईडी 527, निवासी ग्राम+पोस्ट भगवतपुर, कुसमी, जिला बलरामपुर
4. प्रकाश सिंह - कंप्यूटर ऑपरेटर, शाखा कुसमी

### अन्य शाखाओं में उजागर हुई वित्तीय अनियमितताएं

कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अंबिकापुर द्वारा सरगुजा संभाग में संचालित बैंक की 6 शाखाओं में वित्तीय अनियमितता की जांच के लिए राज्य स्तरीय टीम गठित करने या आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो, रायपुर से जांच कराने हेतु सहकारिता सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नवा रायपुर को पत्र लिखा गया।

### रकम गबन व संबंधित कर्मचारियों पर कार्यवाही

1. शाखा रामानुजगंज:

**गबन का तरीका:** केसीसी खातों से राशि नामे कर संबंधितों के बचत खातों में स्थानांतरित कर गबन

**कार्रवाई:** एफआईआर दर्ज, कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त

**संबंधित कर्मचारी:**

शंकर राम भगत - तत्कालीन शाखा प्रबंधक

पंकज विश्वास - तत्कालीन कंप्यूटर ऑपरेटर

विजय उईके - तत्कालीन संस्था प्रबंधक

राजेश कुमार पाल - तत्कालीन लिपिक

2. शाखा राजपुर:

गबन का तरीका- केसीसी खातों से राशि निकालकर खाद साख सीमा खातों में समायोजन

**कार्रवाई:** कारण बताओ नोटिस, निलंबन

**संबंधित कर्मचारी:**

एसएन जोशी - तत्कालीन शाखा प्रबंधक (निलंबित)

मनोज शर्मा - तत्कालीन समिति प्रबंधक (सेवानिवृत्त)

3. शाखा प्रेमनगर

गबन का तरीका एफ.डी. व बचत खातों की राशि का गलत समायोजन

कार्रवाई संबंधित कर्मचारियों पर कार्यवाही

**संबंधित कर्मचारी:**

दीपक सोनी - लिपिक

राजेश मिश्रा - तत्कालीन शाखा प्रबंधक

4. शाखा भैयाथान66:

गबन का तरीका किसानों को गलत तरीके से ऋण देकर धन गबन

कार्रवाई एफआईआर दर्ज,विभागीय जांच जारी

### संबंधित कर्मचारी:

अजीत सिंह - सहायक मुख्य पर्यवेक्षक

सरगुजा संभाग की विभिन्न शाखाओं में करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताओं के मामले उजागर हुए हैं। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कई कर्मचारियों को निलंबित कर उनके विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। आगे की जांच के लिए राज्य स्तरीय टीम गठित करने और आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो, रायपुर से जांच कराने की सिफारिश की गई है।

# वादे पूरे करने का सिर्फ सामर्थ भाजपा में है:राम विचार नेताम

## मोदी की गारंटी और सुशासन की सरकार में कांग्रेस का घोषणा पत्र काठ की हांडी जैसा:मंत्री राम विचार नेताम

## विष्णुदेव सरकार में पटना के स्वर्णिम विकास के लिए पटनावासी भागीदारी करें दर्ज:विधायक भईया लाल

## पटना न. पं. अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह के समर्थन रैली में पहुंचे थे कृषि मंत्री रामविचार सिंह नेताम







-रवि सिंह-
बैकुंठपुर/पटना,06 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

पटना नगर पंचायत चुनाव अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह के समर्थन रैली में कोरिया जिले के पटना पहुंचे प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार सिंह नेताम व क्षेत्र के विधायक भईया लाल राजवाड़े बड़े और प्रभावी चेहरे के रूप में पटना नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह के रोड शो रैली में रहे शामिल। हजारों कार्यकर्ता, नेता और समर्थकों से भरी रैली पटना आदर्श चौक से इमली चौक सभा स्थल तक रही आयोजित। रैली पश्चात आयोजित आम सभा में उपस्थित भाजपा कोरिया के युवा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कृषि मंत्री माननीय रामविचार सिंह नेताम और क्षेत्रीय विधायक भईया लाल राजवाड़े का फूल माला से स्वागत किया।

श्री तिवारी ने आमसभा के मंच से मोदी सरकार की पूरी हुई गारंटी और विष्णुदेव साय सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए पटना नगर पंचायत क्षेत्र को भाजपा के तीसरे इंजन की सरकार के तौर पर सीधे विकास से जोड़ने का अपील किया और पटना नगर पंचायत अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह और सभी 15 को पार्षद प्रत्याशियों को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाने पटना वासियों से निवेदन किया। प्रत्याशी गायत्री सिंह की समर्थन रैली के मंच से क्षेत्र के वर्तमान विधायक व पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े ने मंच पर उपस्थित प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार सिंह नेताम का स्वागत और उद्बोधन करते हुए कहा की हमारे कृषि मंत्री माननीय रामविचार सिंह नेताम जी राम के विचारों को आप पटना वासियों के समक्ष रखने आएं हैं जिनके शब्दों का स्मरण पटना वासियों को करना है और प्रधानमंत्री मोदी जी के उद्देश्य विकसित भारत संकल्प अभियान सहित विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन से नगर पंचायत पटना को जोड़कर विकास के क्षेत्र में अग्रणी रखना है।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र के भुलावे में पटना की जनता को नहीं आना है...

आमजन को संबोधित करते हुए विधायक राजवाड़े ने कहा की कांग्रेस के घोषणा पत्र के भुलावे में पटना की जनता को नहीं आना है क्यों की केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है और घोषणा पत्र के वादों को केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार दोनों ही सरकारें पूरी करती आई हैं। और उसी तरह आगे भी पूरी होती रहेगी।संबोधन में विधायक राजवाड़े ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को कभी पूरा नहीं होने वाला घोषणा पत्र बताते हुए कहा की सरकार भाजपा की है तो वादे कांग्रेस कैसे पूरा करेगी। इसलिए कांग्रेस का घोषणा पत्र औचित्यहीन है। श्री राजवाड़े ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार के उपलब्धियों को पटनावासियों के समक्ष अवगत कराते हुए भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह को पटना नगर पंचायत अध्यक्ष के रूप में विजयी बनाने समर्थन का अपील किया।

### कांग्रेस का घोषणा-पत्र काठ की हांडी जैसा

6 फरवरी को पटना में आयोजित नगर पंचायत अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह के समर्थन रैली के मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल प्रदेश के कृषि मंत्री माननीय रामविचार सिंह नेताम ने आमसभा को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह और 15 सभी भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों को मंच पर बुलाकर बारी बारी से आम जनता से परिचय कराया और उन्हें आगामी चुनाव के लिए सफलता की बधाई दी । मंच से आमजनों को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री जी ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार आपकी अपनी सरकार है। जो आपके छोटे से छोटे और मूलभूत आवश्यकताओं को पूरी करने वाली सुख दुख की साथी सरकार है। जहां एक तरफ प्रधानमंत्री के रूप में मोदी जी राष्ट्र सहित राज्य के प्रत्येक गरीब परिवार को रोजगार सहित आवास उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं। देश की माताओं बहनों को महतारी वंदन योजना से आर्थिक सहयोग पहुंचाकर उनकी मदद कर रहे हैं।किसानों को लाभ और कृषि हेतु उन्नत तकनीक मुहैया करा रहे हैं । उसी तरह राज्य की विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार भी आप सभी के विकास में निरंतर प्रतिबद्ध है। मंत्री रामविचार ने कहा की नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के अटल विश्वाश पत्र में उल्लेखित सभी वादों को भाजपा पूरी करेगी और हर क्षेत्र में विकास के रूप में आप सभी के साथ खड़ी थी और आगे भी रहेगी । कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मंत्री श्री नेताम कहा की मोदी की गारंटी और विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन में कांग्रेस का घोषणा पत्र काठ की हांडी जैसा है जो कोरा झूठ है। तत्पश्चात मंत्री श्री नेताम ने पटना नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह के समर्थन में वोट करने सहित भाजपा समर्थित सभी 15 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों को विजयी बनाने व पटना में भाजपा की सरकार बनाने पटना वासियों से अपील किया।

### पूरे क्षेत्र को भाजपामय बनावें

संबोधन की कड़ी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रभारी कृष्ण बिहारी जायसवाल ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा की नगर पंचायत पटना को भाजपा ने बनाया भाजपा ही संवारेगी और पटना नगर पंचायत अध्यक्ष की प्रत्याशी गायत्री सिंह जिन्होंने आपके पटना क्षेत्र के विकास के लिए बीते 10 वर्षों तक सरपंच के रूप आपके साथ सहज सरल स्वभाव सहित मिलनसार महिला के रूप में रहकर कार्य किया है। उन्हीं अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह सहित सभी 15 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों को आप के सहमति और इच्छा से भाजपा ने प्रत्याशी बनाकर चुनाव में उतारा है। इसलिए मेरी आप सभी पटना वासियों से अपील है की गायत्री सिंह सहित सभी 15 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों को आप सभी अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए समर्थन दें और पटना नगर पंचायत सहित पूरे क्षेत्र को भाजपामय बनावें।

### रैली में यह रहे शामिल

रैली में मुख्य रूप से बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार सिंह नेताम,विधायक भईया लाल राजवाड़े सहित जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी,पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, जवाहर गुप्ता, रविशंकर शर्मा,उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े, महामंत्री पंकज गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह, बैकुंठपुर नगरपालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे, नगर पालिका चरचा के अध्यक्ष अरुण जायसवाल सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

# चिरमिरी नगर निगम चुनाव क्या बना जंग का मैदान...जहां सत्ता पक्ष अपने प्रत्याशी के लिए विपक्ष के प्रत्याशी पर है हमलावर

**विपक्षी पार्टी के प्रत्याशी पैसे से हैं मजबूत पर दिमाग व बोली में नहीं उनका कंट्रोल जिस वजह से फजीहत में पड़े?**

**सत्ता पक्ष व विपक्षी प्रत्याशी के विरोधियों ने एक साथ विपक्ष के प्रत्याशी पर खोल दिया है मोर्चा... विपक्षी पार्टी के प्रत्याशी बचाव में विफल क्यों?**

**पूर्व विधायक डॉ विनय जायसवाल वह विनय जायसवाल नहीं रहे जिन्हें जनता ने 2018 में चुना था?**

**क्या डॉ विनय जयसवाल अपनी कार्यप्रणालियों की वजह से आज सत्ता पक्ष के सामने कमजोर पड़ गए हैं।**


भाजपा महापौर प्रत्याशी राम नरेश राय


कांग्रेस महापौर प्रत्याशी डॉ विनय जयसवाल







-संवाददाता-
चिरमिरी,06 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की यदि बात की जाए तो इस समय कोई सबसे ज्यादा चर्चित नगरीय निकाय चुनाव है तो वह है एमसीबी जिले का चिरमिरी नगरीय निकाय चुनाव,यहां पर एक वकील व पूर्व विधायक के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है,वकील सत्ता पक्ष यानी कि भाजपा के प्रत्याशी हैं तो वहीं डॉक्टर विनय कांग्रेस के प्रत्याशी है। डॉ विनय जायसवाल जिस समय विधायक प्रत्याशी नहीं थे उस समय कांग्रेस के लिए वह काम कर रहे थे, साथ ही चिरमिरी की जनता को वह बेहतर सुविधा भी देने का दावा कर रहे थे, यही वजह था कि वह 2018 में कांग्रेस से विधायक प्रत्याशी चुने गए और 2018 चुनाव में भाजपा के विधायक प्रत्याशी को हरा भी सके और स्वयं विधायक बन गए और किस्मत के भी इतने धनी थे कि उनकी सरकार भी प्रदेश में रही, इन 5 साल में उन्होंने जो किया वह किसी से छुपा नहीं है यहां तक की उन्होंने चिरमिरी नगर निगम का महापौर भी अपनी पत्नी को बनवाया। पर जो बोलकर डॉक्टर विनय जायसवाल सत्ता पक्ष के विधायक बने थे शायद वह खुद के कार्यकाल में क्षेत्र के लिए वह नहीं कर पाए? सिर्फ कुछ किया तो उन्होंने अपने लिए विरोध उत्पन्न किया, आज यही वजह है कि उस विरोध की अग्नि में उन्होंने विधायक प्रत्याशी का टिकट कटवाया 1 साल बाद नगरीय निकाय चुनाव के लिए वह महापौर प्रत्याशी बनकर आए और आज फिर से वह उस विरोध की अग्नि में जल रहे हैं, क्योंकि इस समय जो सोशल मीडिया से लेकर वहां के स्थानीय जनों में चर्चा है वह सिर्फ डॉक्टर विनय जायसवाल को लेकर है डॉक्टर विनय जायसवाल वैसे तो नेता अच्छे हैं पर न जाने इस समय वह क्यों सत्ता के वार को झेल नहीं पा रहे हैं? आलोचनाओं का जवाब मुंह तोड़ नहीं दे पा रहे हैं इसकी वजह क्या उनके पांच साल के कार्यकाल की कमियां है? सत्ता परिवर्तन हुए 1 साल हो गए पर 1 साल बाद भी डॉक्टर विनय जायसवाल अपने सत्ता पक्ष के विधायक को घेर पाने में असफल रहे, आज जब वह महापौर प्रत्याशी बनाकर मैदान में है तो भी वह सत्ता पक्ष को घेरने में असफल साबित हो रहे हैं, सत्ता पक्ष कांग्रेस प्रत्याशी पर हावी हो चुका है अभी तक की स्थिति में इस समय किसी को समर्थन मिल रहा है सबसे अधिक तो वह सत्ता पक्ष के प्रत्याशी को, क्योंकि विपक्षी पार्टी के महापौर प्रत्याशी के पास लग रहा है कि सत्ता पक्ष के सवालों का जवाब ही नहीं रहा या फिर कहे तो वह अपनी गलतियों को स्वीकार कर बैठे हैं और गलती सुधारने के लिए वह चुप रहना ही ज्यादा मुनासिब समझ रहे हैं?

### परिणाम जो हो पर विपक्षी पार्टी के महापौर प्रत्याशी की फजीहत जरूर है...

नगरीय निकाय चुनाव में चिरमिरी नगर निगम चुनाव का परिणाम जो भी आए लेकिन यह तय है कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी की फजीहत तय है। महापौर प्रत्याशी कांग्रेस के अपने कार्यकाल के कार्यों को लेकर आज संघर्ष झेल रहे हैं। उनका खुद के विधायक पद का कार्यकाल वहीं उनकी पत्नी के महापौर पद का कार्यकाल उनके लिए दिक्कत खड़ा कर रहा है। बताया जा रहा है वह काफी कुछ संघर्ष कर रहे हैं।

### पूरा सोशल मीडिया कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी के विरोध में क्यों?

सोशल मीडिया के अनुसार सबसे ज्यादा यदि किसी का विरोध समझ में आ रहा है तो वह विरोध कांग्रेस पार्टी के महापौर पद के प्रत्याशी का विरोध है। कांग्रेस के महापौर पद के प्रत्याशी का विरोध हद से ज्यादा सोशल मीडिया पर जारी है। सोशल मीडिया अनुसार वह चुनाव में हैं ही नहीं। अब सोशल मीडिया के अनुसार भी चुनाव का परिणाम तय होता है और वह यदि वहां विरोध झेल रहे हैं तो यह तय है कि जमीन पर उनका विरोध भी होगा ही।

### क्या सत्ता जाते ही पूर्व विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल के समर्थक भी हुए कम और विरोधी हुए अधिक?

सत्ता के दौरान जब डॉक्टर विनय विधायक थे तब उनके समर्थक काफी अधिक थे आज स्थिति ऐसी है कि उनके सभा में कुर्सियां खाली रह जा रही हैं और उन्हें खुद को असहाय पीड़ित बताने के लिए गिरने का अभिनय करना पड़ रहा है। क्या सत्ता जाते ही उनका ग्लैमर खत्म हो गया? सत्ता रहते डॉक्टर विनय का जलवा देखने वाले कहते भी है कि कुर्सी जाते ही क्या गति होती है यह देखने चिरमिरी जाना चाहिए।

### क्या नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत जितवा पाएंगे अपने महापौर प्रत्याशी को?

अब चिरमिरी का महापौर केवल एक ही शर्त पर जीत सकेगा यदि चरणदास महंत अपना पूरा जोर लगा देंगे। चरणदास महंत की छवि पर ही डॉक्टर विनय का चुनावी परिणाम टिका है। अब देखना है क्या चरणदास महंत डॉक्टर विनय को चुनाव जितवा पाएंगे? वैसे चरणदास महंत चाह लेंगे तो डॉक्टर विनय की नैया पार लग जाएगी ऐसा लोगों का मानना है।

### भाजपा हर चुनाव को गंभीरता से लेती है पर कांग्रेस हर चुनाव में बिखर क्यों जाती है?

भाजपा और कांग्रेस को लेकर लगातार देखा जा रहा है कि भाजपा में अनुशासन कायम रह जाता है जब चुनाव आता है वहां एकजुटता आ जाती है वहीं कांग्रेस बिखर जाती है। वैसे इसके पीछे की वजह जहां अनुशासन है पार्टी का वहीं इसकी वजह के पीछे पार्टी के निर्णय लेने की तत्परता भी है। भाजपा निर्णय लेने में देरी नहीं करती वहीं कांग्रेस निर्णय लेने में हमेशा विलंब कर जाती है।

### मतदान दिवस पर की गई सार्वजनिक अवकाश की घोषणा

-संवाददाता-
सूरजपुर,06 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

आम/उप निर्वाचन 2025 के कार्यक्रम अनुसार नगरपालिका क्षेत्रों में 11 फरवरी 2025 एवं त्रिस्तरीय पंचायतों में दिनांक 17, 20 एवं 23 फरवरी 2025 को मतदान संपन्न कराया जावेगा। सूरजपुर जिले के सम्पूर्ण नगरीय निर्वाचन क्षेत्र नगरपालिका/नगर पंचायत के संपूर्ण क्षेत्र में शासकीय संस्थानों / कार्यालयों के लिए मतदान दिनांक 11 फरवरी दिन मंगलवार एवं त्रिस्तरीय पंचायत हेतु मतदान दिनांक 17 फरवरी लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ0ग0)**

::-ईश्तहार::-

राजस्व प्रकरण क्र0 Q/ब - 121/2023-2024 दिनांक: 21/01/ 2025

आवेदक/आवेदिका का नाम पिल्लू पिता/पति दुलार जाति- रजवार निवासी नेवरा ग्राम नेवरा प0ह0न0... थाना सूरजपुर तहसील व सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 ने अपने माता: मनमेत बाई पिता/पति दुलार जन्म/मृत्यु दिनांक 31/03/2016 का जन्म/मृत्यु प्रमाण-पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 12/02/2025 दिन बुधवार को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

तदनुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदा
सूरजपुर
जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

# दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर एवं शनि मंदिर आमानाला में दर्शन कर महापौर प्रत्याशी ने शुरू किया जनसंपर्क

### चिरमिरी की जनता डॉ के बहरूपिया चेहरा और नाटक को जान है:राम नरेश राय,महापौर प्रत्याशी

### भाजपा जिले के सभी निकायों की प्रतीक सीट पर कब्जा करेगी: जिलाध्यक्ष

### चिरमिरी की महिलाएं भाजपा को वोट देने लालायित है:श्रीमती चंपा देवी पावले

### युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री, दिया उनके सवालों का जवाब

### सीधे संवाद कर हर्षित हुए कॉलेज के छात्र-छात्राएं,कहा धन्यवाद आपका जो आप हम से सीधे संवाद कार्यक्रम से जुड़े

### स्वास्थ्य मंत्री ने सभी सवालों का दिया जवाब, समस्या, सवाल और मांग के बीच आश्वस्त किया अनकही मांगों को

## अध्यनरत छात्रों का मंत्री से सवाल

**सावला:-** इस दौरान जो सबसे पहला संवाद समन्वय उसमें छात्रा ने इंग्लिश से एमए कराने की बात कही?

**मंत्री का जवाब:-** जिसका जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि हमने अपने कार्यकाल में पीजी का दर्जा दिलाया है, आप लोग भी अपने मार्कशीट में इसे देख सकते है, हमने आठ विषय में पीजी अपने कार्यकाल में करवाया है ये आजादी के साठ सालों बाद संभव हो सका, आप लोग निश्चिंत रहे इंग्लिश से एमए की मांग पूरा होगा

**सावला:-** इसके बाद आवागमन से संबंधित प्रश्न?

**मंत्री का जवाब:-** उन्होंने कहा कि निगम में भाजपा का महापौर बैठते ही एक माह के भीतर सिटी बस संचालित कर दिया जाएगा खासतौर पर हम उन क्षेत्रों को पहले प्राथमिकता में रखेंगे जो चिरमिरी से आवागमन के लिहाज से थोड़ा दूर है, इसमें कोरिया, गेल्हा पानी और बरतूंगा को हमने शामिल किया है





- रवि सिंह-
चिरमिरी,06 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगरीय निकाय चुनाव 2025 में चिरमिरी की जनता का मूड 11 तारीख को प्रत्याशियों के किस्मत का फैसला कर देगी। आज से पांचवे दिन होने वाले मतदान को लेकर भाजपा का धुंआधार प्रचार जारी है। चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 10 से भाजपा ने ढोल नगाड़ों के साथ पैदल जनसंपर्क का आगाज किया। इससे पहले वार्ड क्रमांक 10 के आमानाला हनुमान मंदिर में महापौर प्रत्याशी राम नरेश राय, वार्ड प्रत्याशी नरेंद्र साहू, जिलाध्यक्ष भाजपा चंपा देवी पावले मंथा टेक कर बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया और जनता के बीच जनता का आशीर्वाद लेने निकल गए। अपार जनसमर्थन और कार्यकर्ताओं की भीड़ के बीच महापौर प्रत्याशी राम नरेश राय ने कहा कि हम सनातनी लोग है किसी भी शुभ काम करने से पहले भगवान का आशीर्वाद हम लेते है इसलिए भगवान बजरंग बली का आशीर्वाद लेकर आज जनसंपर्क करने निकले है।






## चिरमिरी की जनता पुराने कार्यकाल से ऊब चुकी है:राम नरेश

उन्होंने आगे कहा कि जो आपार जन सैलाब दिख रहा है वो इस बात की ओर इशारा करता है कि चिरमिरी की जनता पुराने कार्यकाल से ऊब चुकी है और जनता भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा कर रही है इसलिए इस बार भाजपा का महापौर चिरमिरी की जनता बनाएंगी ।जनता का जो आशीर्वाद हमे मिल रहा है निःसंदेह भारतीय जनता पार्टी का मेयर चुनाव जीतकर आयेगा। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ विनय जायसवाल के डिबेट कार्यक्रम में घटी घटना पर कहा कि डॉ साहब का यह कार्यक्रम सुनियोजित रहा है चूंकि मेरा गृह ग्राम डोमेनहिल है और वो चाहते थे कि डोमनहिल में इस तरह का स्टंट कर के डोमेनहिल के लोगों को भ्रमित कर के वोट प्राप्त कर सके लेकिन चिरमिरी की जनता भलीभांति जान गई है कि यह सुनियोजित कार्यक्रम था।

## हमारा उद्देश्य

भाजपा महापौर प्रत्याशी राम नरेश राय ने कहा की हम नेक सोच के साथ हमारा उद्देश्य है कि पहली प्राथमिकता चिरमिरी में बंद पड़ी खदानों को जीवित कर के रोजगार उपलब्ध कराना होगा और दूसरी बड़ी प्राथमिकता चिरमिरी के अनुकूल वातावरण को शिक्षा हब के रूप में विकसित करना होगा और तीसरा चिरमिरी का सौंदर्यीकरण कर नए रूप में आवाम तक पहुंचना रहेगा। उन्होंने कहा कि चिरमिरी में संसाधन की कमी नहीं है सिर्फ इच्छाशक्ति की कमी रही है। छोटे छोटे कुटीर उद्योग लगाकर यहां की बेरोजगारी को दूर किया जा सकता है,वही भाजपा की जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले ने कहा कि भाजपा को चुनाव में अच्छा रिस्पांस मिल रहा है, हम जहां भी जा रहे है भाजपा की एक लहर दिख रही है। चुकी प्रदेश में विष्णुदेव और केंद्र में मोदी की सरकार है और जनता लालायित रहती है भाजपा को चुनने के लिए, उन्होंने कहा कि आज हर वार्ड, भाजपा ही भाजपा और चारों ओर कमल का झंडा दिख रहा है। महिलाएं खास तौर पर उत्साहित है क्योंकि महतारी वंदन योजना को महिलाओं ने देखा है और वो जानती है और मानती है कि भाजपा जो कहेगी वो करेगी इसलिए शहर को सुसज्जित, रोजगारयुक्त तथा पलायन जैसी समस्या से निजात के लिए महिलाएं भाजपा को वोट करेगी। श्रीमती पावले ने पूर्ण विश्वास जताया कि जिले में पूरी निकाय की सीट भारतीय जनता पार्टी की झोली में आ रही है। वार्ड जनसंपर्क में साथ चल रहे भाजपा के वार्ड प्रत्याशी नरेंद्र साहू ने बताया कि पिछले 05 साल से वार्ड में बहुत कुछ काम नहीं हुआ है। खासतौर पर लोहार दफाई से मुख्य पुल की आवश्यकता है जो सड़क से जोड़ेगी, बिजली, पानी, साफसफाई जैसी समस्या एक बड़ा विषय है जिस पर हम रूट चार्ट बनाकर काम करेंगे, जनता भाजपा के साथ है और हम वार्ड के विकास के लिए संकल्पित है।

## महापौर चुनेंगे जो उनके आने वाले भविष्य की लकीर बन सके...

उन्होंने आगे कहा कि आप लोग एक चीज की मांग मुझसे नहीं की लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि आप के ही कॉलेज कैंपस में एक आडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा इसलिए मैं कहता हुं हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे। हजारों की संख्या में उपस्थित छात्रा-छात्राओं के संवाद कार्यक्रम में श्री बिहारी ने कहा कि चिरमिरी में सरकारी नर्सिंग कॉलेज की भी स्थापना की जाएगी ताकि आप लोगों को अब नर्सिंग के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और अंत में मंत्री से संवाद से उत्साहित छात्र छात्राएं संकल्पित हुए की हम अपना विवेक का इस्तेमाल करते हुए शहर के विकास के लिए शहर के उस नेता को महापौर चुनेंगे जो उनके आने वाले भविष्य की लकीर बन सके।

## युवा संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन


चिरमिरी के छोटी बाजार लाहिड़ी महाविद्यालय के समीप युवा संवाद कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्र के विधायक व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कॉलेज की विभिन्न समस्याओं के संबंध में सीधा कॉलेज के छात्र-छात्राओं से संवाद किया। इस संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्राओं ने मंत्री से सवाल किए जिसका संतुष्टि पूर्ण जवाब पाने के बाद छात्राओं ने हृदय से धन्यवाद किया। युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री ने विधिवत छत्तीसगढ़ महतारी और स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा में माल्यार्पण के बाद संवाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। छात्र नेता विजय कुमार शर्मा ने एक एक कर छात्र - छात्राओं को सामने बुलाया और छात्र - छात्राओं के सवाल को शामिल किए। मंत्री और छात्र - छात्राओं के बीच इस तरह से हुआ यह पहला संवाद कार्यक्रम था जिसमें कॉलेज के बच्चे अपनी समस्याओं को सीधा मंत्री के सामने रखने और उनसे रूबरू होने का उन्हें मौका मिला था। स्वास्थ्य मंत्री खुद इस बात को स्वीकार किये कि आपका कालेज सिर्फ आपका नहीं बल्कि मेरी मां है, मैं आज जो कुछ भी हु यही की बदौलत हु इसलिए आप से ज्यादा मै स्वयं चिंतित यहां को लेकर रहता हु, उन्होंने शिक्षा के इस सत्र पर नालंदा विश्वविद्यालय का जिक्र करते हुए चिरमिरी में भी नालंदा की तर्ज पर लाइब्रेरी खोलने का आश्वासन दिया।

# निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी का अपने वार्ड के लिए विकासपूर्ण घोषणा-पत्र

## चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 6 में पार्षद बना तो अपने वार्ड का कायाकल्प कर दूंगा...

- रवि सिंह-
बैकुंठपुर/पटना,06 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगर पंचायत पटना चुनाव काफी रोमांचक होता जा रहा है, जैसे-जैसे मतदान की तिथि आ रही है वैसे-वैसे प्रचार भी तेजी से बढ़ रहा है, जहां राष्ट्रीय पार्टी के प्रत्याशी धुआंधार प्रचार के साथ अपने घोषणा पत्र के आधार पर लोगों से मत मांग रहे हैं, तो निर्दलीय प्रत्याशी भी पीछे नहीं है वह भी अपने घोषणा पत्र के जरिए लोगों को इस बात का विश्वास दिला रहे हैं कि यदि उन्हें भी मौका मिला तो वह पीछे नहीं रहेंगे, भरपूर अपने क्षेत्र का विकास करेंगे, जहां राष्ट्रीय पार्टी के घोषणा पत्र में केंद्र की योजनाएं ज्यादा दिख रही है जो पहले से ही चली आ रहे हैं,पर वहीं निर्दलीय प्रत्याशियों के घोषणा पत्र में स्थानीय मुद्दे दिख रहे हैं, जो लोगों को अपनी और आकर्षित कर रहे हैं, अध्यक्ष पद के प्रत्याशी तो अपने घोषणा पत्र जारी कर ही रहे हैं, वार्ड पार्षद भी अपने वार्डों के विकास के लिए घोषणा पत्र जारी करके यह बता रहे हैं कि यदि उन्हें भी मौका मिला तो वह भी अपने घोषणा पत्र अनुरूप अपने वार्ड के लिए काम करेंगे, कुछ ऐसा ही एक प्रत्याशी हैं विवेक कुमार विश्वकर्मा जो चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 6 से निर्दलीय प्रत्याशी है जिनका चुनाव चिन्ह भी अलमारी है जो उनके कारोबार से मिलता जुलता है उन्होंने अपना 15 बिंदु का घोषणा पत्र जारी किया है जो उनके वार्ड के लिए काफी महत्वपूर्ण है यदि उनके वार्ड के लोगों उन्हें मौका देते हैं तो उनके वार्ड की वह कायाकल्प ही ऐसी होगी जिसकी वह कल्पना नहीं किए होंगे।




### घोषणा-पत्र में मुद्दे

1. आपसभी के आशीवार्द से मै अगर आपके अपने वार्ड का मुझे पार्षद बनातें है, तो हमेशा अपने बार्ड में पानी, सड़क, नाली, बिजली का पुरा व्यवस्था कराऊंगा।
2. अपने पुरे वार्ड को सी.सी. टी. वी कैमरा लगबाने का प्रयास करूंगा।
3. अपने पुरे वार्ड को वाई-फाई नेटवर्क से जोड़ने का प्रयास करूंगा।
4. अपने वार्ड के सभी लोंगों के लिए शादी-विवाह व समाजिक कार्यक्रम के लिए निःशुल्क प्रांगण उपलब्ध कराऊंगा।
5. हमारे वार्ड में बने स्टेडियम को सौदर्यीकरण व बच्चो के लिए पार्क की व्यवस्था।
6. हमारे वार्ड में बने स्टेडियम में प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा एवं रावण दहन का कार्यक्रम ।
7. सभी गरीब परिवार के लिए उनके जरूरत के हिसाब से भौतिक एवं आर्थिक सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास।
8. सभी सरकारी योजनाओं का लाभ वार्ड के प्रत्येक नागरिकों को पहुंचाने का जिम्मेदारी उठाउंगा।
9. वार्ड के सभी बुजुर्गों एवं बच्चो के लिए वांचनालय (पुस्तक घर) की व्यवस्था।
10. पुरे वार्ड में स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था करवाऊंगा।
11. स्टेडियम के बगल में सार्वजनिक शौचालय महिला एवं पुरुष हेतु निर्माण कराना।
12. प्रधानमंत्री जल योजना अंतर्गत कोरिया नीर जो बंद पड़ा है, उसे तत्कालीन प्रभाव से चालू कराना।
13. अशिक्षित महिलाओं एवं पुरुषों के लिए निःशुल्क क्लास एवं लघु उधोग का प्रशिक्षण लोन कि व्यवस्था सरकारी योजना के तहत् कराना।
14. हमारे वार्ड के प्रत्येक घर के सामनें डस्टबीन एवं साफ-सफाई की व्यवस्था कराऊंगा।
15. हमारे वार्ड के सभी में मम्बर के सुखः दुख में हमेशा साथ खड़ा रहूंगा।

# सीईओ ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

-संवाददाता-
कोरबा,06 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।



जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जनपद पंचायत पाली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,पोड़ी उपरोड़ा के शासकीय आत्मानंद विद्यालय एवं करतला में मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बुधवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिनेश कुमार नाग ने प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया और मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने मतदान कर्मियों से कहा कि वे पंचायत चुनाव की बैलेट प्रक्रिया और प्रशिक्षण की जानकारी गंभीरता से लें। उन्होंने मतपेटी को सील करने, पीठासीन अधिकारी की डायरी भरने, लिफाफों और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सही ढंग से पूरा करने की प्रक्रिया को ध्यानपूर्वक सीखने पर जोर दिया, जिससे चुनाव निष्पक्ष और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। श्री नाग ने मतदान दल के कर्मियों को निर्देशित किया कि वे मतदान और मतगणना के समय सतर्क और सचेत रहते हुए बिना किसी दबाव के अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उन्होंने मतदान कर्मियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन भी किया और उन्हें निष्पक्ष एवं निर्बाध चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, जनपद पंचायत पाली के सीईओ श्री भूपेंद्र सोनवानी, बीईओ पाली श्यामानंद साहू , जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के सीईओ जय प्रकाश डडसेना सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 72 घंटे बाद मिला एक छात्र का शव

-संवाददाता-
कोरबा,06 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।



जिले के दर्री स्थित हसदेव नदी में डूबे 3 कॉलेज छात्रों में से एक का शव बरामद कर लिया गया है। 26 वर्षीय सागर चौधरी का शव जलकुंभी के नीचे फंसा मिला, जिसे एसडीआरएफ और नगर सेना के रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाला। दो छात्रों की तलाश अब भी जारी है। बता दें कि कोरबा जिले से 3 कॉलेज छात्र सोमवार सुबह से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी थी। जिसपर लगातार खोजबीन किया जा रहा है। इस बीच हसदेव नदी के बिंझरा घाट के पास छात्रो की बाइक और कपड़े बरामद किए गए थे। इसके बाद से हसदेव नदी में तीनों के डूबने की आशंका जताई गई, जहां पुलिस, एसडीआरएफ और नगर सेना के रेस्क्यू टीम तलाश में जुटी थी। टीम ने एक छात्र का शव बरामद कर लिया है। दो छात्रों की तलाश अब भी जारी है।बता दें कि लापता छात्रों की पहचान 18 वर्षीय आशुतोष सोनिकर (आईटीआई छात्र), 19 वर्षीय बजरंग प्रसाद (सीएसईबी कॉलोनी निवासी) और 26 वर्षीय सागर चौधरी (सीएसईबी कॉलोनी निवासी) के रूप में हुई है। इनमें से सागर चौधरी का शव बरामद कर लिया गया है।

# अब द हंड्रेड में भी खेलेगी काव्या मारन की टीम



## सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदी नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स

बर्मिंघम,06 फरवरी 2025। इंग्लैंड में खेले जाने वाले 100 गेंदों के टूर्नामेंट द हंड्रेड में इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजियों की दिलचस्पी लगातार देखने को मिल रही है, जिसमें पहले मुंबई इंडियंस और उसके बाद लखनऊ सुपर जाएंट्स ने इस टूर्नामेंट में खेलने वाली टीमों के शेयर खरीदे तो वहीं अब इसमें एक नाम काव्या मारन की टीम सनराइजर्स हैदराबाद का जुड़ गया है। सन ग्रूप ने द हंड्रेड में खेलने वाली नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स टीम का पूरा अधिग्रहण किया है जिसमें उन्होंने 100 फीसदी शेयर खरीद लिए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद इसी के साथ लगातार वर्ल्ड क्रिकेट में होने वाली फ्रेंचाइजी लीग में अपने पैर जमा रही है, जिसमें साउथ अफ्रीका में खेली जाने वाली ऋ20 में भी उनकी मालिकाना हक वाली टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप जो पिछले 2 बार से खिताब को अपने नाम करने में कामयाब रही है।

### हमें सन ग्रूप के साथ जुड़कर काफी खुशी हो रही है

द हंड्रेड में सन ग्रूप ने जहां नॉर्दन सुपरचार्जर्स टीम के 100 फीसदी शेयर अपने नाम किए हैं तो वहीं मुंबई इंडियंस की टीम के पास ओवल इनविंसिबल्स टीम के 49 फीसदी शेयर हैं जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स भी मैनचेस्टर ओरिजिनल्स में इतनी ही हिस्सेदारी खरीदी थी। नॉर्दन सुपरचार्जर्स पर अपना पूरा मालिकाना हक लेने के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने 10 करोड़ पाउंड खर्चा किए हैं। यॉर्कशर क्रिकेट क्लब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय पटेल ने बयान में कहा कि हमें सन ग्रूप के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है और नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स को दीर्घकालिक और निरंतर सफलता के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आने वाले दिनों में उनके साथ हमारी बातचीत जारी रहेगी। पिछले कुछ समय से उनके साथ चर्चा करने के बाद यह स्पष्ट हो गया है वे क्लब के मूल्यों और भविष्य की दिशा से जुड़े हुए हैं और यह सुनिश्चित करने में एक बड़ी भूमिका निभाएंगे कि हम आने वाले वर्षों में बड़ी सफलता हासिल कर सकें।

### दिल्ली कैपिटल्स भी द हंड्रेड में इस टीम का खरीद सकती हिस्सा

सनराइजर्स हैदराबाद के बाद अब दिल्ली कैपिटल्स की टीम भी द हंड्रेड में साउदर्न ब्रेव टीम में हिस्सेदारी खरीदने में अपनी दिलचस्पी दिखा रही है। काउंटी क्लब हैम्पशायर का अधिग्रहण लगभग तय माना जा रहा है, क्योंकि दिल्ली कैपिटल्स बड़ा निवेश करने के साथ अधिकांश हिस्सेदारी रखने के लिए तैयार है।



## मार्कस स्टोइनिस ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास

### चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में थे शामिल

नईदिल्ली,06 फरवरी 2025। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस ने वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।ये फैसला काफी चौंकाने वाला है, क्योंकि इस खिलाड़ी को चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में शामिल किया गया था। कंगारू टीम के लिए यह बहुत बड़ा झटका है। स्टोइनिस टी-20 क्रिकेट में अपना पूरा ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। इसी कारण उन्होंने यह फैसला लिया है। स्टोनिस ने संन्यास लेने के बाद कहा, ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे क्रिकेट खेलना एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। उच्चतम स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना कुछ ऐसा है, जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। यह एक आसान निर्णय नहीं था, लेकिन मेरा मानना है कि मेरे लिए वनडे से दूर रहने और अपने करियर के अगले अध्याय पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने का यह सही समय है। मैं सबके समर्थन की बहुत सराहना करता हूं।



## विराट कोहली पहले वनडे से बाहर

नईदिल्ली,06 फरवरी 2025।भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच पहले वनडे से बड़ी खबर सामने आई है। दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली चोटिल होने के कारण यह मुकाबला नहीं खेलेंगे।उनकी जगह यशस्वी जायसवाल का वनडे क्रिकेट में डेब्यू हुआ है। हर्षित राणा भी अपना पहला वनडे मैच खेलते हुए नजर आएंगे। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। नंबर-3 पर शुभमन गिल खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

**भारतीय टीमः** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, शुभमन गिल, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रविंद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव और मोहम्मद शमी।

## यू 19 चैंपियन क्रिकेटर जी त्रिशा की बल्ले-बल्ले

### तेलंगाना के सीएम ने 1 करोड़ रुपए देने का किया ऐलान

क्वालालंपुर,06 फरवरी 2025। मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर में खेले गए दूसरे आईसीसी महिला अंडर 19 टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का दबदबा देखने को मिला जिसमें उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए ट्रॉफी को दूसरी बार अपने नाम किया। टीम इंडिया के लिए इस टूर्नामेंट में कुछ प्लेयर्स ने अपने खेल से काफी अहम भूमिका अदा की जिसमें एक नाम ओपनिंग बल्लेबाज गोंगाडी त्रिशा का भी शामिल है। पूरे टूर्नामेंट में जी त्रिशा का बल्ला जमकर बोलते हुए देखने को मिला जिसमें उन्होंने कुल 309 रन बनाए तो वहीं गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए कुल 7 विकेट हासिल किए। अब गोंगाडी त्रिशा को उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए तेलंगाना राज्य के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बधाई देने के साथ उन्हें नगद पुरस्कार देने का भी ऐलान किया है।



### राज्य सरकार ने किया एक करोड़ रुपए देने का ऐलान

गोंगाडी त्रिशा ने 5 फरवरी को तेलंगाना राज्य के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से उनके आवास जुबली हिल्स पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने हाल ही में आयोजित अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए त्रिशा को बधाई दी। सीएम ने त्रिशा को भविष्य में क्रिकेट के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने और देश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। वहीं इसी दौरान सीएम रेवंत रेड्डी ने क्रिकेटर त्रिशा को एक करोड़ रुपए और तेलंगाना की अंडर-19 वर्ल्ड कप टीम की सदस्य ध्रुति केसरी को 10 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा भी की। भारतीय महिला अंडर 19 टीम की हेड कोच नौशीन और ट्रेनर शालिनी को भी 10-10 लाख रुपए का नकद पुरस्कार देने का ऐलान राज्य सरकार ने किया।

### गोंगाडी ने बनाए ये दो बड़े रिकॉर्ड

महिला अंडर 19 टी20 वर्ल्ड कप का ये दूसरा एडिशन था जिसमें गोंगाडी ने 2 ऐसे महारिकॉर्ड बना दिए जिनको तोड़ पाना आसान नहीं होगा। गोंगाडी ने बल्ले से पूरे टूर्नामेंट में 300 से अधिक रन बनाए जिसमें वह एक एडिशन में जहां इस आंकड़े को पार करने वाली पहली खिलाड़ी बनी तो वहीं एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली प्लेयर के तौर पर भी रिकॉर्ड को अपने नाम किया। इसके अलावा महिला अंडर 19 टी 20 वर्ल्ड कप में गोंगाडी त्रिशा पहली ऐसी खिलाड़ी हैं जो शतकीय पारी खेलने में कामयाब हो सकी। पूरी टूर्नामेंट में गोंगाडी ने 7 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 77.25 के औसत से रन बनाए।

## 21 साल उम्र और तीनों फॉर्मेट में कर लिया डेब्यू

### आखिर कौन है ये बाएं हाथ का नया उभरता सितारा

सिडनी,06 फरवरी 2025। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले का आगाज 6 फरवरी से गॉल के मैदान पर हो गया है। इस सीरीज के पहले मैच को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पारी और 242 रनों से अपने नाम करते हुए 1-0 की बढ़त हासिल कर ली थी। वहीं कंगारू टीम ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए अपनी प्लेइंग 11 में एक बड़ा बदलाव किया है, जिसमें उन्होंने 21 साल के युवा बाएं हाथ के ऑलराउंडर खिलाड़ी कूपर कोनोली को टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू का मौका दिया है। कूपर इससे पहले वनडे और टी20 इंटरनेशनल में पहले ही डेब्यू कर चुके हैं।



### कूपर ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में खेले हैं सिर्फ 4 मुकाबले

कूपर कोनोली को लेकर बात की जाए तो उनके भविष्य में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के बड़े सितारे के तौर पर देखा जा रहा है, जो बल्ले और गेंद दोनों से टीम में के लिए तीनों फॉर्मेट में अहम योगदान देते हुए दिख सकते हैं। कूपर ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सिर्फ चार मुकाबले ही खेले हैं, जिसके बाद उन्हें टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने का मौका मिल गया। इसी के साथ कूपर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में साल 1900 के बाद चौथे ऐसे खिलाड़ी भी हैं जिन्होंने सिर्फ चार फर्स्ट क्लास मैचों में खेलते हुए टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू कर लिया। कूपर ने साल 2024 में ही वनडे और टी20 में डेब्यू कर लिया था, जिसमें उन्होंने अब तक 2 वनडे दो ही टी20 मैच खेले हैं। कूपर का फर्स्ट क्लास क्रिकेट में रिकॉर्ड देखा जाए तो उन्होंने 4 मैचों की 6 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 61.80 के औसत से 309 रन बनाए हैं जिसमें तीन अर्धशतकीय पारियां भी शामिल है।

### श्रीलंका ने भी अपनी प्लेइंग 11 में किए तीन बदलाव

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट मैच शर्मनाक तरीके से हारने के बाद श्रीलंका की टीम ने दूसरे टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग 11 में तीन बदलाव किए हैं, जिसमें पथुम निसांका, रमेश मेंडिस और लाहिरु कुमारा को प्लेइंग 11 में जगह मिली है। वहीं श्रीलंकाई टीम के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने अपने टेस्ट करियर का 100वां मुकाबला खेल रहे हैं, जिसमें वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले 7वें श्रीलंकाई खिलाड़ी हैं। वहीं दिमुथ इस मैच के साथ टेस्ट क्रिकेट को अलविदा भी कह देंगे। इस मुकाबले में श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है।

## रोहित शर्मा और विराट कोहली के अंतरराष्ट्रीय करियर पर चैंपियंस ट्रॉफी के बाद होगा फैसला

नईदिल्ली,06 फरवरी 2025। भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच वनडे सीरीज का आगाज 6 फरवरी से होने जा रहा है। इस सीरीज के बाद टीम चैंपियंस ट्रॉफी खेलेगी।

इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन के आधार पर रोहित शर्मा और विराट कोहली के अंतरराष्ट्रीय करियर का फैसला लिया जाएगा।इन दोनों खिलाड़ियों पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की कड़ी नजर है।



कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को कोई भी फैसला लेने की खूली छूट दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने गंभीर और अगरकर को बेहतरी के लिए कोई भी फैसला लेने की पूरी छूट दे दी है।एक सूत्र ने कहा, अब आगे बढने का समय है। क्या आपने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में उनका प्रदर्शन देखा? रणजी में उनका प्रदर्शन? अगली 2 सीरीज उनके लिए काफी अहम होने वाली है। कोहली पर भी दबाव होना तय है। अगले एक महीने में उन्हें भी कड़ी परीक्षा से गुजरना है।रिपोर्ट में कहा गया है कि टेस्ट टीम में कोहली का भविष्य भी बहस का विषय है। रोहित की तरह अगर कोहली अपना खेल नहीं सुधारते हैं तो कोच गंभीर और अगरकर बड़ा फैसला लेते हुए नजर आ सकते हैं।

कोहली को हर हाल में रन बनाने होंगे नहीं तो वह इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं।

बता दें कि, इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के ठीक बाद ये सीरीज खेली जाएगी।

अगर रोहित और कोहली इंग्लैंड नहीं जाते हैं तो फिटनेस के आधार पर जसप्रीत बुमराह कप्तान होंगे।

भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे पहले वनडे मुकाबले में कोहली नहीं खेल रहे हैं। कोहली को उनके दाहिने घुटने पर चोट लगी है।

ऐसे में उनकी जगह यशस्वी जायसवाल को डेब्यू करने का मौका मिला है। रोहित इस मुकाबले में कप्तान के रूप में उतरे हैं और उनसे एक बड़ी पारी की उम्मीद होगी।



## रोहित-गंभीर के बीच विवाद की अफवाहों पर लगा ब्रेक

नईदिल्ली,06 फरवरी 2025। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद से ही टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और हेड कोच गौतम गंभीर के बीच अनबन की खबरें सामने आ रही थीं। लेकिन हाल ही में एक वीडियो के जरिए इन सभी अफवाहों पर ब्रेक लग गया है। ये वीडियो भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज शुरू होने से ठीक पहले आया है, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल भी हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में देखा जा सकता है कि रोहित और गंभीर टीम होटल में साथ में एंट्री करते हैं दोनों के चेहरे पर हंसी है और वे आपस में मजाक करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस का कहना है कि दोनों के बीच किसी भी तरह की कोई नाराजगी नहीं है और सब कुछ पहले जैसा ही सामान्य है।

## दो दिग्गज खिलाड़ियों के बाहर होने से ऑस्ट्रेलियाई टीम हुई कमजोर

मेलबर्न,06 फरवरी 2025। वनडे वर्ल्ड कप की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की टीम को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लगातार एक के बाद एक करके झटके लग रहे हैं। ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस के वनडे क्रिकेट से संन्यास के बाद अब उनके दो अहम खिलाड़ियों के भी इस टूर्नामेंट से बाहर होने की खबर पक्की हो चुकी है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो चुके हैं। दरअससल, कमिंस को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी समाप्त होने के समय एंकल में इंजरी हुई थी। दूसरी ओर हेजलवुड को इस सीरीज की शुरुआत में ही चोट लग गई थी और वह बाहर हो गए थे। अब ऑस्ट्रेलिया को चैंपियंस ट्रॉफी की अपनी फाइनल टीम में चार बदलाव करने होंगे। दोनों ही तेज गेंदबाजों को अब मैदान में वापसी करने के लिए लंबे रिहैब से गुजरना होगा। जब तक वे पूरी तरह फिट नहीं हो जाते उन्हें किसी भी तरह की क्रिकेट खेलने की अनुमति नहीं मिलेगी। ऐसे में इन दोनों के आईपीएल में भी हिस्सा लेने पर संदेह पैदा हो चुका है। आईपीएल का शेड्यूल अभी आया नहीं है, लेकिन अगले महीने के आखिर में टूर्नामेंट शुरू हो सकता है।




चैंपियंस ट्रॉफी के बाद लगभग तीन महीने ऑस्ट्रेलिया की टीम किसी तरह की इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेलने वाली है। आगामी आईसीसी इवेंट के बाद ऑस्ट्रेलिया को सीधे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलना है। ये मुकाबला जून के मध्य में लॉर्ड्स के मैदान में खेला जाना है। फाइनल में उनका सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा।

## छावा का दिल दहला देने वाला नया पोस्टर जारी

### जख्मों से घायल और खून से लथपथ दिखे विक्की कौशल

विक्की कौशल इन दिनों छावा फिल्म को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के जरिए वे रश्मिका मंदाना के साथ पहली बार साथ काम करते नजर आएंगे। फिल्म में विक्की छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे, जबकि रश्मिका मंदाना येसूबाई भोसले की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। वहीं अब विक्की कौशल ने अपना नया लुक जारी किया है, जिसे देख फैंस भी हैरान रह गए।सिनेमाघरों में फिल्म की रिलीज से पहले अभिनेता ने फिल्म से अपना एक नया इंटेंस पोस्टर शेयर किया है। छावा ने विक्की और रश्मिका के प्रशंसकों के बीच काफी चर्चा बटोरी है और इस नए पोस्टर ने उनकी उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। नए पोस्टर में विक्की का दिल दहला देने वाला लुक देखने को मिला, जिसमें अभिनेता पूरी तरह से खून से लथपथ हैं और उनकी शरीर पर अनगिनत चोटों के निशान भी हैं। वहीं, पोस्टर में विक्की को रस्सी से बांधे हुए सैकड़ों सैनिक पीछे की ओर घसीटते नजर आ रहे हैं।विक्की ने पोस्टर को कैप्शन के साथ साझा किया। उन्होंने लिखा, मिलते हैं छावा दिवस पर। विक्की ने 14 फरवरी को छावा दिवस करार दिया है। फिल्म का ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसने फैंस के बीच फिल्म की रिलीज को लेकर उत्सुकता को बढ़ा दिया। ट्रेलर में मराठों और मुगलों के बीच युद्ध के दृश्य दिखाए गए। वहीं, इससे पहले फिल्म का पहला गाना जाने तू रिलीज हुआ।इससे पहले फिल्म के गाने के दृश्य को लेकर ही विवाद शुरू हुआ।







## भाग्य लक्ष्मी में मलिष्का का किरदार निभाएंगी मेघा प्रसाद

जी टीवी के लोकप्रिय टीवी सीरियल भाग्य लक्ष्मी' में नई अभिनेत्री मेघा प्रसाद शामिल हुई हैं। शो की मुख्य अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर उन्हें बधाई दी। मेघा, मायरा मिश्रा की जगह लेंगी। मिश्रा ने इस धारावाहिक में नेगेटिव किरदार निभाया है।शो से संबंधित हर एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर करने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने शो में नए सदस्य के स्वागत के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर मेघा प्रसाद की एक तस्वीर शेयर करते हुए ऐश्वर्या खरे ने कैप्शन में लिखा, भाग्य लक्ष्मी की मलिष्का आपका स्वागत है। मैं शो में आपको देखने के लिए उत्सुक हूं। तस्वीर के साथ ऐश्वर्या ने आमिर खान, रानी मुखर्जी और करीना कपूर स्टारर तलाश' फिल्म के गाने मुस्कानें झूठी हैं' को भी जोड़ा।भाग्य लक्ष्मी का प्रसारण जी टीवी पर होता है, जिसकी कहानी लक्ष्मी, ऋषि और मलिष्का के ईर्द-गिर्द घूमती है। ऋषि और लक्ष्मी की प्रेम कहानी में मलिष्का नई-नई चालें चलती नजर आती है।

## उन्नी मुकुंदन स्टारर मार्को ने ओटीटी रिलीज डेट आउट

उन्नी मुकुंदन अभिनीत मलयालम ब्लॉकबस्टर मार्को अपने प्रभावशाली नाट्य प्रदर्शन को समाप्त करने के लिए तैयार है और जल्द ही ओटीटी प्लेटफार्मों पर उपलब्ध होगी। निर्माताओं ने फिल्म के दक्षिण संस्करणों के लिए सोनी लिव के साथ एक स्ट्रीमिंग डील को अंतिम रूप दिया है, जो 14 फरवरी 2025 को स्ट्रीमिंग शुरू होगी। हनीफ अदेनी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में उन्नी मुकुंदन मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ युक्ति थरेजा जगदीश कबीर दुहान सिंह सिद्दीकी और अभिमन्यु शम्मी थिलकन प्रमुख भूमिकाओं में हैं। मार्को, जिसे अपने अति हिंसक दृश्यों के लिए ए रेटिंग दी गई थी, ने 40 दिनों से अधिक समय तक चले अपने नाट्य प्रदर्शन से दुनिया भर में 115 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। फिल्म के मलयालम और हिंदी संस्करणों ने घरेलू बाजारों से क्रमशः 42 करोड़ रुपये और 13 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े लाए हैं.मार्को के ओटीटी संस्करण में हटाए गए दृश्यों को शामिल किए जाने की उम्मीद है, जो बहुत हिंसक होने के कारण कट बनाने में विफल रहे। इनमें से एक दृश्य में अभिनेता रियाज़ खान हैं, जिन्होंने खुलासा किया कि वह उन दृश्यों का हिस्सा थे, जो मार्को के जीवन के दूसरे चरण को दर्शाते हैं, जो फिल्म में नहीं दिखाया गया था। यह देखना बाकी है कि क्या ये दृश्य ओटीटी संस्करण में शामिल होंगे, लेकिन प्रशंसक यह जानने के लिए बेसब्री से रिलीज़ का इंतज़ार कर रहे हैं।सोनी लिव पर मार्को ओटीटी रिलीज़ का बेसब्री से इंतज़ार किया जा रहा है और उम्मीद है कि यह फ़िल्म प्लेटफ़ॉर्म पर सबसे ज़्यादा देखी जाने वाली मलयालम फ़िल्मों में से एक होगी। अपनी आकर्षक कहानी, प्रभावशाली अभिनय और बेहतरीन ढंग से तैयार किए गए एक्शन दृश्यों के साथ मार्को अपने ओटीटी अवतार में एक बार फिर दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है।



## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### दवा घोटाले मामले में बड़ी कारवाई,कंपनी को ही किया गया ब्लैकलिस्ट




**रायपुर,06 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में दवा खरीद घोटाले के मामले में मोक्षित कॉरपोरेशन को आखिरकार ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा जारी जांच के बाद, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कंपनी को अगले तीन वर्षों के लिए अपात्र घोषित कर दिया है।

### सांसद बृजमोहन अग्रवाल की बड़ी भाभी का निधन

**रायपुर,06 फरवरी 2025(ए)।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल की बड़ी भाभी पुष्पा देवी अग्रवाल का निधन हो गया। पुष्पा देवी अग्रवाल पूरण लाल अग्रवाल (पूर्व अध्यक्षा, चैंबर ऑफ कॉमर्स, रायपुर) की धर्मपत्नी थी। मनोज और प्रकाश की माता थी। उनकी अंतिम यात्रा शाम 4:00 बजे निवास स्थान 92, क्रेस्ट ग्रीन, रामनगर से प्रस्थान कर मारवाड़ी श्मशान घाट पहुंचेगी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिवारजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



### बीएड और डीएड डिग्री धारकों को काउंसलिंग में शामिल होने की मिली अनुमति



**रायपुर,06 फरवरी 2025(ए)।** हाईकोर्ट ने बीएड और डीएड धारकों को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। जस्टिस अमितेश किशोर प्रसाद ने बीएड धारकों की रिट पिटीशन पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिया है कि 10 फरवरी से शुरू होने वाली काउंसलिंग में उन बीएड धारकों को भी शामिल किया जाए, जिन्होंने पहले अपने आवेदन में डीएड डिग्री का उल्लेख नहीं किया था। इस मामले की अगली सुनवाई 24 फरवरी से शुरू होने वाले सप्ताह में होगी।

### हाईकोर्ट से आईपीएस जीपी सिंह को राहत



#### केंद्रीय एजेंसी की ईसीआईआर रिपोर्ट हुई निरस्त

**बिलासपुर,06 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट को निरस्त करने का आदेश दिया है। जिसमें उन पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। इसके साथ ही हाईकोर्ट चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रवींद्र अगवाल की डिवीजन बेंच ने पहले जारी किए गए दोनों नोटिस को भी रद्द कर दिया है।

### भाजपा की सख्ती:250 बागी बाहर,300 पर लटकी निलंबन की तलवार




**रायपुर,06 फरवरी 2025(ए)।** नगरीय निकाय चुनाव के दौरान भाजपा ने अनुशासनहीनता के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए प्रदेशभर में बागी तेवर अपनाने वाले कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई तेज कर दी है। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले कार्यकर्ताओं को निलंबित किया जा रहा है।

# अमित शाह ने विद्यासागर के समाधि स्थल में किया भूमिपूजन

- गृहमंत्री अमित शाह ने दी श्रद्धांजलि...
- कहा-आचार्य विद्यासागर महाराज थे युग पुरुष...



**रायपुर,06 फरवरी 2025(ए)।।** केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरुवार को चंद्रगिरि तीर्थ, डोंगरगढ़ में आयोजित विनयांजलि समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय, जैन समाज के संत समता सागर महाराज सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। गृहमंत्री शाह ने कहा कि दिगम्बर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज केवल संत नहीं, बल्कि युग पुरुष थे। उन्होंने अपने तप, त्याग और आध्यात्मिक साधना से संपूर्ण समाज को दिशा दी। ÷उनका व्यक्तित्व ईश्वर तुल्य था, जिन्होंने भारतीय संस्कृति, अहिंसा और कर्म सिद्धांत को वैश्विक मंच पर स्थापित किया, शाह ने कहा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने उनके विचारों को अपनाया

गृहमंत्री शाह ने आचार्य श्री के विचारों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय भाषाओं के संरक्षण और संस्कृति के संवर्धन का आह्वान किया था। जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री ऑफ भारत लिखे जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आचार्य श्री के संदेशों को अपनाया, जिससे संपूर्ण विश्व भारत की संस्कृति और परंपराओं से प्रभावित हुआ।

### आचार्यश्री ने पंचतत्व को आत्मसात किया:शाह

शाह ने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज ने संपूर्ण जीवन तपस्या में बिताया और अंतिम समय में पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका जीवन अहिंसा परमो धर्म का जीता-जागता उदाहरण था। उन्होंने अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक धर्म और राष्ट्र की सेवा की।

### प्रतिभास्थली विद्योदय ज्ञानपीठ का डिजिटल लोकार्पण

समारोह में प्रतिभास्थली विद्योदय ज्ञानपीठ, कारोपानी (मध्यप्रदेश) का डिजिटल लोकार्पण किया गया, जो रोजगारोन्मुखी निःशुल्क कन्या विद्यालय के रूप में कार्य करेगा।

### मुख्यमंत्री साय ने जताया आभार

समारोह के अंत में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज का अधिकांश जीवन डोंगरगढ़ चंद्रगिरि तीर्थ में बीता और यहीं उन्होंने देह त्यागी। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह और जैन समाज के संतों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नवीन जैन, मुनि श्री समता सागर, मुनि श्री पवित्र सागर, वरिष्ठ आर्यिका गुरुमति माताजी सहित कई गणमान्य संत, समाजसेवी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### अमित शाह ने माँ बम्लेश्वरी के दर्शन किए, प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज डोंगरगढ़ स्थित छोटी बम्लेश्वरी मंदिर में माँ बम्लेश्वरी के दर्शन किए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उनके साथ थे। मुख्यमंत्री ने कहा, जय माँ बम्लेश्वरी और मातारानी के दर्शन-पूजन का सौभाग्य प्राप्त करने पर खुशी जताई। उन्होंने माँ बम्लेश्वरी से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और आरोग्य की कामना की। इस धार्मिक कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। अमित शाह ने इस अवसर पर मंदिर में पूजा अर्चना की और माँ बम्लेश्वरी से आशीर्वाद लिया।



### 100 रुपये का स्मारक सिक्का और विशेष डाक लिफाफा जारी

इस अवसर पर गृहमंत्री ने आचार्य विद्यासागर महाराज की स्मृति में ₹100 का विशेष स्मारक सिक्का और उनके जीवन पर आधारित विशेष डाक लिफाफा जारी किया।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लगाया आरोप



### कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई, भाजपा पर नहीं

**रायपुर,06 फरवरी 2025(ए)।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रशासनिक दबाव में तहसीलदार केवल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं और उनके बैनर-झंडे जब्त किए जा रहे हैं। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा, थोड़ी हिम्मत दिखाइए और भाजपा के लोगों की भी जांच कीजिए, वहां झंडा, डंडा, खंबा और गड्डी सब कुछ मिलेगा।

### बिलासपुर में कांग्रेस के प्रचार अभियान को झटका

नगरीय निकाय चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, चुनाव प्रचार भी तेज होता जा रहा है। हालांकि, कांग्रेस पार्टी को बिलासपुर में झटका लगा है, जहां जिला प्रशासन ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ट्रैक्टर रैली को अनुमति देने से इनकार कर दिया है।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ट्रैक्टर रैली कल सकरी से सिरगिट्टी तक प्रस्तावित थी, लेकिन प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी। इसके बावजूद, कांग्रेस नेताओं ने बिना अनुमति के भी ट्रैक्टर रैली निकालने का दावा किया है, जिससे प्रशासन और पार्टी के बीच तनाव बढ़ सकता है।

# बच्चा बदलने के मामले पर अब होगा डीएनए टेस्ट

### आदेश हुआ जारी

**दुर्ग,06 फरवरी 2025(ए)।** जिला अस्पताल के मदर चाइल्ड वार्ड में बच्चा बदलने का मामला अब डीएनए टेस्ट तक पहुंच गया है।दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जांच समिति और जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू को डीएनए परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। जल्द ही इस प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा।



### जांच समिति ने पूरी की जांच

सिविल सर्जन डॉ. साहू ने बताया कि बच्चा बदलने के इस मामले की जांच के लिए गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट पूरी कर ली है। यह रिपोर्ट न्यायपीठ बाल कल्याण समिति को सौंपी गई, जिसने बच्चों के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए डीएनए टेस्ट कराने का आदेश दिया है।

### स्वास्थ्य परीक्षण के बाद डीएनए टेस्ट की तैयारी

डीएनए टेस्ट से पहले, सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू ने दोनों नवजातों का स्वास्थ्य परीक्षण शिशुरोग विशेषज्ञ से कराया। जांच में पाया गया कि दोनों बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हैं और डीएनए टेस्ट किया जा सकता है। आज इस प्रक्रिया को पूरा किए जाने की संभावना है।




# आस्था की डुबकी लगाने महाकुंभ जाएंगे छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता



### प्रदेश में गरमाई सियासत, कांग्रेस ने कही ये बात

**रायपुर,06 फरवरी 2025(ए)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में इन दिनों महाकुंभ मेला लगा हुआ है। इस पवित्र आयोजन में सरीक होने के लिए देश-विदेश के लाखों श्रद्धालू पहुंच रहे हैं। इसी बीच अब छत्तीसगढ़ भाजपा नेता महाकुंभ मेले में शामिल होने के लिए प्रयागराज जाएंगे। आस्था की डुबकी लगाएंगे। इस पर प्रदेश की सियासत भी गर्म होने लगी है। भाजपा नेताओं के प्रयागराज दौरे को लेकर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बहुत से कांग्रेस के नेता कुंभ गए हैं। चुनाव की व्यस्तता के कारण कई नेता नहीं जा सकें। हमारी भी इच्छा है, चुनाव के बाद जायेंगे। कुंभ सदियों से आस्था का विषय है। कांग्रेस आस्था के नाम पर राजनीति नहीं करती है। गंगा में स्नान करना पुण्य का काम है।

# कार में शराब और रशियन के साथ रंगरलिया




### स्कूटी सवार तीन युवको को मारी टक्कर

**रायपुर,06 फरवरी 2025 (ए)।** राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड पर बीती रात तेज रफ्तार टाटा इंडिगो कार ने एक्टिवा को सामने से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक्टिवा सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि इंडिगो में युवक के साथ एक रशियन महिला भी सवार थी और दोनी ही शराब के नशे में धुत थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इंडिगो कार में सवार युवक और रशियन महिला ने बहुत ज्यादा शराब पी रखी थी। जब यह दुर्घटना हुई तब कार रशियन लड़की चली रही थी और लड़का उस की गोद में बैठा हुआ था। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि रशियन लड़की ने पुलिस वालों के सामने ही सड़क पर जमकर हंगामा किया। इसका वीडियो भी सामने आया है। इतना ही नहीं जब पुलिस लड़की को थाने ले गई तो उसने वहां भी नशे की हालत में उत्पाद मचाया।

इंडिगो कार के सामने लोक अभियोजक और सरकारी वकील लिखा हुआ है। कार से पशुपालन कार्ड भी मिला है जिसमे शिक्षक भावेश बुनियादी ढांचे वाले युवक का नाम सामने आया है। वहीं दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक्टिवा सवार नीलकमल चंदेल, ललित चंदेल और अरुण वृक को मेकाहारा में भर्ती कराया गया है। जहाँ तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। तीन युवा एक वेडिंग हॉल से फोटोग्राफी का काम खत्म करके अपने घर जा रहे थे। इस दुर्घटना में एक्टिवा के परखच्चे उड़ गए। हाईप्रोफाइल मामला होने की वजह से पुलिस ने भी चुप्पी साध रखी है। फिलहाल पुलिस ने युवक और महिला से पूछताछ कर रही।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)